www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम
अधिकतम तापमान 30.c
27.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 98.755g
चांदी 107,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 अब और बढ़ी वायु सैन्य शक्ति की महत्ता, अंतरिक्ष मोर्चे पर भी भारत की जीत
जल निगम की खुदाई से बिगड़ी सड़कें 04

वर्ष :09 | अंक :19 | मुंबई , गुरुवार , 10 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### शिमला, कुल्लू और नाहन की जिला अदालतों में बम की धमकी, परिसर को कराया गया खाली

हिमाचल प्रदेश के शिमला, कुल्लू और नाहन की जिला अदालतों को बुधवार को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसके बाद अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, एहतियात के तौर पर सुरक्षाकर्मियों ने तीनों ज़िलों के अदालत परिसरों को तुरंत खाली करा लिया। परिसर और आस-पास के इलाकों की गहन जाँच के लिए सभी जगहों पर विशेष बम निरोधक इकाइयाँ और डॉग स्क्वॉड तैनात किए गए थे। पुलिस ने पुष्टि की है कि किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए अभी विस्तृत तलाशी जारी है। उन्होंने बताया कि अभी तक जाँच के दौरान कोई विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री नहीं मिली है। शिमला के एसपी संजीव कुमार गांधी ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि बुधवार को शिमला और रामपुर समेत कई जगहों पर अदालत परिसरों को उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिले हैं। उन्होंने बताया कि एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं और डीएसपी स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमें मौके पर मौजूद हैं। पुलिस ने बताया कि धमकी के बाद तुरंत अदालत परिसर खाली करा दिया गया और जनता व अदालत कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बढ़ा दी गई।

### मौसम विभाग ने बंगाल के कुछ जिलों में भारी बारिश का अनुमान जताया

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों में भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है, जबकि अन्य स्थानों पर कम दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। आईएमडी ने बताया कि बुधवार को दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में कुछ स्थानों पर बिजली कड़कने के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। दक्षिण बंगाल के पश्चिम बर्धवान, झाड़ग्राम, पुरुलिया और बांकुड़ा जिलों तथा उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार और कलिम्पोंग जिलों में बृहस्पतिवार सुबह तक भारी बारिश होने की आशंका है। मौसम विभाग ने कोलकाता में आमतौर पर आसमान में बादल छाए रहने औरहल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान जताया है। आईएमडी ने बताया कि गंगा बंगाल क्षेत्र पर बना कम दबाव का क्षेत्र फिलहाल कायम है और अगले दो दिनों में इसके झारखंड और छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ने की संभावना है। बीरभूम जिले के श्रीनिकेतन में बीते 24 घंटे में सबसे अधिक 95 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

# 'महाराष्ट्र की तरह बिहार में वोटों की चोरी होने नहीं देंगे', पटना में बंद के दौरान गरजे राहुल-तेजस्वी

## वोटर वेरिफिकेशन के विरोध में महागठबंधन का बिहार बंद:7 शहरों में ट्रेनें रोकीं, 12 नेशनल हाईवे जाम

**गरजे राहुल-तेजस्वी**

राहुल ने आगे कहा कि हमने इसपर ज्यादा कुछ बोला नहीं, लेकिन हमने डाटा देखना शुरू किया तो हमें पता लगा कि लोकसभा और विधानसभा में 1 करोड़ नए वोटर शामिल हुए। मतलब विधानसभा में 10% ज्यादा वोटरों ने वोट किया।



### चुनाव आयोग पर भड़के राहुल गांधी

राहुल गांधी ने कहा कि पटना की जमीन से मैं यह स्पष्ट संदेश देना चाहता हूं कि चुनाव आयोग को जो करना है, कर लें लेकिन बाद में आप पर भी कानून लागू होगा. उन्होंने कहा कि आप जितने भी बड़े पद पर बैठे हों लेकिन कानून आपको भी नहीं छोड़ेगा. कांग्रेस नेता ने कहा कि चुनाव आयोग का काम भारतीय जनता पार्टी के लिए काम करना नहीं है. देश के संविधान की रक्षा करना आपका काम है, जो आप ठीक से नहीं कर रहे हैं.

एजेंसी

पटनाः मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण और ट्रेड यूनियन की हड़ताल के समर्थन में आज बिहार बंद रहा. इस दौरान महागठबंधन की एकजुटता दिखी. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में तमाम घटकों दलों के नेता सड़क पर उतरे. पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के साथ आरजेडी नेता तेजस्वी यादव, वीआईपी चीफ मुकेश सहनी, सीपीआई माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य और सीपीआई नेता डी. राजा समेत राज्य स्तर के तमाम बड़े चेहरे पटना की सड़क पर मार्च करते नजर आए. सड़क पर दिखी महागठबंधन की एकजुटताः पटना के इनकम टैक्स गोलंबर पर जब राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पहुंचे तो कार्यकताओं में काफी जोश देखा गया. वोटर पुनरीक्षण को लेकर सभी कार्यकर्ता एक सुर में नारेबाजी कर रहे थे. कई कार्यकर्ता सड़क पर ही बैठे नजर आए. अपनी-अपनी की पार्टी का झंडा लिए ये कार्यकर्ता बड़े ही जोश के साथ बिहार बंद को सफल बनाते दिखे. तमाम नेता वीर चंद पटेल रोड से होते हुए आर ब्लॉक और विधानसभा की तरफ निकले. 'बिहार में वोट की चोरी होने नहीं देंगे': इसी रास्ते में बीजेपी और जेडीयू का प्रदेश कार्यालय है. राहुल गांधी और तेजस्वी यादव आर ब्लॉक से होते हुए विधानसभा सप्तमूर्ति से आगे इलेक्शन कमीशन के दफ्तर तक गए. उसके बाद लॉरी पर बने मंच से ही लोगों को संबोधित किया. इस दौरान राहुल ने कहा कि महाराष्ट्र की तर्ज पर बिहार में भी बीजेपी वोट की चोरी करना चाहती है.

**भाजपा की, नीतीश जी की, चुनाव आयोग की दादागिरी नहीं चलेगी**

### बिहार से लेकर केरल तक दिखा बंद का असर, कहीं हुआ चक्का जाम तो कहीं रूकी ट्रेनें

नेशनल ट्रेड यूनियनों ने देशव्यापी हड़ताल का आान किया है, जिसका असर बुधवार को पश्चिम बंगाल, बिहार, और केरल जैसे कई राज्यों में देखा गया। केरल में सड़कों पर चक्का जाम करने की कोशिश की गई, वहीं कई राज्यों में बैंकिंग सेवाएं भी प्रभावित हुई। खबरों के अनुसार, इस हड़ताल में लगभग 25 करोड़ कर्मचारी शामिल हैं। हड़ताल का मुख्य कारण सरकार द्वारा लागू किए गए नए श्रम कानून हैं। देश की 10 प्रमुख ट्रेड यूनियनों ने इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया है। राहुल और तेजस्वी के विरोध मार्च पर पुलिस ने लगाई रोक राहुल गांधी और




तेजस्वी यादव के नेतृत्व में शुरू हुआ विरोध मार्च, जो इनकम टैक्स चौराहे से प्रारंभ होकर वीरचंद पटेल पथ और शहीद स्मारक के रास्ते चुनाव आयोग के कार्यालय तक जाना था, को विधानसभा के पास पुलिस ने रोक दिया। नेता तेजस्वी यादव ने कहा, आज पूरे बिहार में बंद है। चुनाव आयोग ने अपनी साख पूरी तरह गंवा दी है। मतदाता सूची से गरीबों के नाम हटाने की साजिश रची जा रही है। पहले वोटर लिस्ट से नाम हटेंगे, फिर पेंशन और राशन जैसी सुविधाएं छीनी जाएंगी। इसीलिए महागठबंधन ने ह्यबिहार बंदह्न का आान किया है।

### क्या बोले तेजस्वी?

वहीं, आरजेडी लीडर और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने भारतीय जनता पार्टी पर लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि बिहार लोकतंत्र की जननी है लेकिन चुनाव आयोग की मदद से बिहार से ही लोकतंत्र को समाप्त करने का प्रयास हो रहा है लेकिन वे लोग ऐसा होने नहीं देंगे.

# प्रधानमंत्री मोदी को मिला नामीबिया का सर्वोच्च सम्मान

## राष्ट्रपति नेटुम्बो नेंडी-नदैतवा के साथ वार्ता में बोले पीएम अत्यंत गौरव और सम्मान की बात



एजेंसी

विंडहोक। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एन्शिएंट वेल्वित्शिया मिराबिलिस से सम्मानित किया गया है। नामीबिया की राष्ट्रपति डॉ. नेटुम्बो नंदी-नदैतवा ने बुधवार को यहां श्री मोदी के साथ वार्ता के बाद उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एन्शिएंट वेल्वित्शिया मिराबिलिस नामीबिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। डॉ. नेटुम्बो ने पुरस्कार प्रदान करने से पहले कहा , नामीबियाई संविधान द्वारा मुझे प्रदत्त शक्ति के द्वारा मुझे भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एन्शियेंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस प्रदान करने का सम्मान प्राप्त हुआ है, जिन्होंने नामीबिया और विश्व स्तर पर सामाजिक-आर्थिक विकास तथा शांति और न्याय को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 1990 में नामीबिया की स्वतंत्रता के तुरंत बाद 1995 में पुरस्कार की स्थापनाइस पुरस्कार की स्थापना 1990 में नामीबिया की स्वतंत्रता के तुरंत बाद 1995 में की गयी थी। यह सम्मान विशिष्ट सेवा और नेतृत्व के लिए दिया जाता है। इस पुरस्कार का नाम नामीबिया में पाए जाने वाले एक अनोखे और प्राचीन रेगिस्तानी पौधे वेल्वित्शिया मिराबिलिस के नाम पर रखा गया है। यह पुरस्कार नामीबियाई लोगों के लचीलेपन, दीघार्यु और स्थायी भावना का प्रतीक है।

> पीएम मोदी ने सम्मानित किये जाने के बाद कहा, वेल्वित्स्चिया मिराबिलिस से सम्मानित होना मेरे लिए अत्यंत गौरव और सम्मान की बात है। मैं राष्ट्रपति, नामीबिया सरकार और नामीबिया की जनता के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। मैं 140 करोड़ भारतीयों की ओर से इस सम्मान को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूँ।

# हमने आठ साल में लगाए 204 करोड़ पौधे, 5 लाख एकड़ में हुआ वनाच्छादन : योगी आदित्यनाथ

## हीटवेव को ग्रीनवेव में बदलने का हमने किया है काम : सीएम योगी




एजेंसी

अयोध्या । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को रामपुर हलवारा में सरयू नदी के किनारे त्रिवेणी वाटिका में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बरगद, नीम और पीपल के पौधे रोपकर इसे भगवान श्रीराम, धरती माता और जन्मदायिनी माता को समर्पित किया। अयोध्या की पवित्र भूमि पर आयोजित एक जनसभा में उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ इस अभियान की महत्ता पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति की है। इस दौरान 204 करोड़ पौधों का रोपण किया गया, जिनमें से 75 प्रतिशत पौधे जीवित हैं। इसके परिणामस्वरूप राज्य में 5 लाख एकड़ क्षेत्र में वनाच्छादन बढ़ा है। सीएम योगी ने कहा कि हमने हीटवेव को ग्रीनवेव में बदला है। यह प्रयास न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहायक है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु का उल्लेख करते हुए कहा कि पेड़ों में भी जीवन है ।

- छाया, फल, मृदा संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं पेड़ : मुख्यमंत्री
- एक सच्चा पुत्र वही, जो अपनी मां की सेवा और रक्षा करता है : सीएम योगी
- पौधरोपण महा अभियान वर्तमान को संवारने और भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प : योगी आदित्यनाथ

# गुजरात में पुल टूटा, चलती गाड़ियां नदी में गिरीं 13 लोगों की मौत, 8 को बचाया

## दक्षिण गुजरात का सौराष्ट्र से संपर्क टूटा

एजेंसी

वडोदरा, गुजरात के वडोदरा में महिसागर नदी पर बना ब्रिज बुधवार सुबह टूट गया। हादसे के समय ब्रिज से गाड़ियां गुजर रही थीं। पुल टूटने पर दो ट्रक, दो कार और एक रिक्शा कुल पांच गाड़ियां नदी में गिर गईं। एक टैंकर टूटे सिरे पर फंस गया। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 को स्थानीय लोगों ने बचाया। दो लोग लापता हैं। फायर ब्रिगेड की तीन टीमें रेस्क्यू में जुटी हैं। 45 साल पुराना यह ब्रिज दक्षिण गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ता है। पुल टूट जाने से भरूच, सूरत, नवसारी, तापी और वलसाड जैसे दक्षिण गुजरात के शहरों से सौराष्ट्र पहुंचने में ज्यादा समय लगेगा। अब इसके लिए अहमदाबाद होते हुए लंबा रास्ता लेना पड़ेगा। हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है (प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष) से मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50,000 की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है।

सीएम ने सुबह ही एक उच्च समिति को घटनास्थल पर भेजा और उन्होंने जल्द से जल्द रिपोर्ट मांगी है। इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए सीएम ने सड़क एवं भवन विभाग की एक टीम और अन्य टीमों को वहां जाकर ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।



### लोगों ने कहा, हादसे के लिए प्रशासन जिम्मेदार

हादसे के बाद तुरंत ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और लोगों को रेस्क्यू किया। एक स्थानीय युवक ने बताया, 'हम सुबह से ही बचाव अभियान चला रहे हैं। अब तक 13 शव बरामद हुए हैं, जिनमें से एक बच्चा है और एक बच्चा लापता है। इस दौरान हमें प्रशासन और अधिकारियों से कोई मदद नहीं मिली है।' इनका कहना है कि 45 साल पुराने इस पुल की मरम्मत के लिए प्रशासन को कई बार सूचित किया जा चुका है। प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई न किए जाने के कारण आज यह हादसा हुआ है।

# 13 अगस्त तक बढ़ी तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत

एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत 13 अगस्त तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने यह आदेश तब पारित किया जब राणा को पहले दी गई न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किया गया। अदालत ने पिछले महीने उसकी न्यायिक हिरासत 9 जुलाई तक बढ़ा दी थी।

# राजस्थान के चूरू में दुर्घटनाग्रस्त हुआ वायु सेना का लड़ाकू विमान

## दोनों पायलट ने गंवाई जान, जांच के आदेश

घटना के बाद, राजलदेसर पुलिस स्टेशन की एक टीम तुरंत घटनास्थल पर भेजी गई। हताहतों या क्षति के बारे में और अधिक जानकारी का इंतजार है क्योंकि अधिकारी अपनी प्रारंभिक जाँच शुरू कर रहे हैं। दुर्घटना स्थल से घना धुआं उठता देखा गया तथा दृश्यों में विमान पूरी तरह जला हुआ दिखाई दे रहा है।




एजेंसी

राजस्थान के चूरू जिले के रतनगढ़ क्षेत्र के भानुदा गाँव के पास मंगलवार को भारतीय वायु सेना का एक जगुआर लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दोनों पायलट का निधन हो गया है। घटना के बाद, राजलदेसर पुलिस स्टेशन की एक टीम तुरंत घटनास्थल पर भेजी गई। दुर्घटना स्थल से घना धुआं उठता देखा गया तथा दृश्यों में विमान पूरी तरह जला हुआ दिखाई दे रहा है ।वायुसेना ने एक बयान में कहा कि भारतीय वायुसेना का एक जगुआर प्रशिक्षक विमान आज राजस्थान के चुरू के पास एक नियमित प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में दोनों पायलटों को गंभीर चोटें आईं। किसी भी नागरिक संपत्ति को कोई नुकसान नहीं पहुँचा है। भारतीय वायुसेना इस दुखद घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करती है और इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है।

# कानूनी राय देने वाले वकीलों को जांच एजेंसियों ने किया तलब, सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया

> प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कुछ वरिष्ठ वकीलों को तलब किए जाने की पृष्ठभूमि में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करने का निर्णय लिया है.

एजेंसी



नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों द्वारा मामलों में राय देने या पक्षकारों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों को तलब करने के मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लेते हुए एक मामला शुरू किया है. कोर्ट यह जांच करेगा कि क्या उन्हें नोटिस दिया जा सकता है.इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस बी आर गवई की अध्यक्षता वाली जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एन वी अंजारिया की पीठ करेगी.

**दौरा** | बोले- की जाएगी हरसंभव मदद

# जेपी नड्डा ने मंडी के आपदा प्रभावित इलाकों का किया दौरा

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंडी ज़िले के थुनाग में बादल फटने और भारी बारिश से प्रभावित लोगों से मुलाकात की और इलाकों का दौरा किया। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी मौजूद रहे। जेपी नड्डा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में लगभग 51 स्थानों पर प्राकृतिक आपदाओं के कारण गंभीर त्रासदी हुई है, जान-माल का नुकसान हुआ है। मैं अपनी और पार्टी की ओर से गहरा दुःख व्यक्त करना चाहता हूँ। इससे हिमाचल के लोगों का दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यहाँ राहत कार्य तेजी से चलाए जा रहे हैं। नड्डा ने आगे कहा कि राहत कार्यों की शुरूआत सबसे पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने की। राज्य भर से लोगों ने राहत सामग्री भेजी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार राहत प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर है। हम पहले भी किसी भी आवश्यक वित्तीय सहायता के लिए दृढ़ रहे हैं और भविष्य में भी ऐसा करते रहेंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में राहत कार्यों के लिए 2,006 करोड़ रुपये जारी किए हैं। मंडी ज़िला सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है जहाँ बारिश से संबंधित 17 मौतें हुई हैं और बुनियादी ढाँचे को व्यापक नुकसान पहुँचा है, जिसमें 247 क्षतिग्रस्त घर, 149 गौशालाएँ और 225 पशुधन की मौत शामिल है। मंगलवार को जारी एक शाम की स्थिति रिपोर्ट में बताया गया है कि 198 सड़कें वर्तमान में अवरुद्ध हैं, 159 बिजली वितरण ट्रांसफार्मर (डीटीआर) काम नहीं कर रहे हैं और 297 जलापूर्ति योजनाएँ बाधित हैं। एसडीएमए ने कहा, ₹पुनर्स्थापना कार्य चल रहा है, लेकिन नुकसान बहुत बड़ा है।₹ हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र अत्यधिक दबाव में हैं जबकि शहरी केंद्र बड़े पैमाने पर चालू हैं।

पार्टी की तरफ से प्रभावितों को बांटी राहत सामग्री इस दौरान जगत प्रकाश नड्डा ने भारतीय जनता पार्टी की तरफ से प्रभावितों को राहत सामग्री भी बांटी जिसमें राशन से लेकर घर का जरूरत का सामान मौजूद है। नड्डा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. राजीव बिंदल और पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की पीठ थपथपाते हुए कहा कि भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आपदा के तुरंत बाद मोर्चा संभालते हुए प्रभावितों तक मदद पहुंचाने का कार्य शुरू कर दिया था। यह सब डॉ. बिंदल और जयराम ठाकुर के नेतृत्व और मार्गदर्शन में ही संभव हो पाया। पार्टी अपने स्तर पर प्रभावितों की अलग से मदद कर रही है और पार्टी हमेशा प्रभावितों के साथ खड़ी है। प्रभावितों की मदद के लिए आज पूरे प्रदेश से लोग राहत सामग्री भेज रहे हैं।

> जेपी नड्डा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में लगभग 51 स्थानों पर प्राकृतिक आपदाओं के कारण गंभीर त्रासदी हुई है, जान-माल का नुकसान हुआ है। मैं अपनी और पार्टी की ओर से गहरा दु:ख व्यक्त करना चाहता हूँ। इससे हिमाचल के लोगों का दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यहाँ राहत कार्य तेजी से चलाए जा रहे हैं।

# वह सिर्फ ग्लोबल करप्शन अवार्ड के हकदार, केजरीवाल के नोबेल प्राइज वाले वयान पर बोली बीजेपी




एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के 'नोबेल पुरस्कार' वाले बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सिर्फ.एक ही पुरस्कार के हकदार हैं, 'ग्लोबल करप्शन अवार्ड'। उन्होंने आगे कहा कि अगर भ्रष्टाचारियों के बीच वैश्विक प्रतिस्पर्धा हो, तो अरविंद केजरीवाल सबको पछाड़ देंगे। दुनिया भर में चर्चा है कि अगर भ्रष्टाचार सीखना है, तो अरविंद केजरीवाल से सीखना चाहिए।

आज दिल्ली की जनता खुश है, क्योंकि उन्होंने भ्रष्ट अरविंद केजरीवाल को 'टाटा बाय-बाय' कह दिया है। भाजपा सांसद अरुण गोविल ने सवाल किया कि क्या इसे ही सरकार चलाना कहते हैं ? मुझे नहीं लगता कि उन्होंने कुछ भी किया। इसे शासन कहना मुश्किल है।

सरकार चलाना एक बड़ी ज़िम्मेदारी है। उन्होंने कई ऐसे काम किए जो इस ज़िम्मेदारी के खिलाफ जाते हैं। उत्तर प्रदेश के मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को दुनिया का सबसे झूठ बोलने वाला राजनेता होने का नोबेल पुरस्कार जरूर मिलना चाहिए। उन्होंने जो भी कहा था कि वे नहीं करेंगे, वे सब उन्होंने सफलतापूर्वक कर दिखाया है।

- भाजपा प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल द्वारा नोबेल पुरस्कार की मांग करने की बात सामने आई है। शायद उन्हें भ्रष्टाचार, लूट और शराब कांडों की जानकारी नहीं है। लापरवाही के कारण दिल्ली में एक तिहाई बच्चे प्रदूषण और विभिन्न बीमारियों से सांस लेने में तकलीफ का सामना कर रहे हैं।

# अब और बढ़ी वायु सैन्य शक्ति की महत्ता, अंतरिक्ष मोर्चे पर भी भारत की जीत

> अंतरिक्ष मोर्चे पर भारत को सैटेलाइट निगरानी नाविक संचार अर्ली-वार्निंग और एंटी-सैटेलाइट क्षमताएं विकसित करनी होंगी। वायु रक्षा प्रणालियों का एकीकरण और विभिन्न सैन्य बलों में उनके उपयोग को सुगम एवं लचीला बनाना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए स्वदेशी शोध एवं विकास में निरंतर निवेश बढ़ाना होगा। सार्वजनिक-निजी भागीदारी भी मजबूत बनाई जाए। खरीद प्रक्रिया को गति देनी होगी।

पाआपरेशन सिंदूर ने भारत की उन क्षमताओं को साबित किया कि पाकिस्तान की धरती पर कदम रखे बिना भी उसके भीतरी इलाकों में स्थित आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया जा सकता है। अमेरिका और इजरायल ने भी ईरान के प्रमुख सैन्य ठिकानों पर हवाई हमलों के जरिये ऐसी ही क्षमताएं दिखाईं। तुर्किये से लेकर रूस जैसे देश अपनी वायु सैन्य शक्ति विशेषकर ड्रोन जैसी तकनीक पर भरोसा करते हैं। वायु और अंतरिक्ष में किसी देश की क्षमताएं ही उसकी सामरिक शक्ति को निर्धारित कर रही हैं, क्योंकि इसके जरिये सुदूरवर्ती जगह से भी पूरी सटीकता एवं तत्परता से हमला कर दुश्मन को क्षति पहुंचाई जा सकती है। अतीत में युद्ध संसाधनों की दृष्टि से जमीन कब्जाने के लिए लड़े जाते थे, जिसमें जमीन पर सक्रिय सैन्य बलों के लिए वायु शक्ति सहायक की भूमिका निभाती थी। हालांकि जमीन कब्जाने के साथ और जटिलताएं जुड़ी होती हैं, जैसे उस पर काबिज होने के बाद वहां गवर्नेंस भी कई बार बोझ बन जाती है। स्थानीय लोगों के प्रतिरोध का भी सामना करना पड़ता है जो अक्सर गुरिल्ला युद्ध का रूप ले लेता है। इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा हुआ है। अपने उपनिवेशों से ब्रिटेन का निकलना, वियतनाम, इराक और अफगानिस्तान से अमेरिका का पलायन और अफगानिस्तान से सोवियत संघ का पीछेहटना यही साबित करता है कि क्षेत्रीय कब्जे में गवर्नेंस का अंतर्निहित बोझ छिपा होता है। यही कारण है कि आधुनिक समर नीति में युद्धों का स्वरूप बदल गया है।




इसमें परंपरा से इतर अपने उद्देश्यों की पूर्ति एवं वर्चस्व पर ध्यान केंद्रित होता है। समय के साथ वायु सैन्य शक्ति को लेकर राजनीतिक दृष्टिकोण बदला है। एक समय इसे उकसाने वाला कदम समझा जाता है, लेकिन अब इसे सटीक प्रहार वाली नियंत्रित कार्रवाई के रूप में मान्यता मिल रही है। भारत के बालाकोट और आपरेशन सिंदूर जैसे अभियान से लेकर ईरान पर अमेरिका-इजरायल की बमबारी यही साबित करती है कि वायु सैन्य शक्ति टकराव को व्यापक रूप से बढ़ाए बिना ही दुश्मन को घर में घुसकर दंडित करने में उपयोगी साबित होती है। चूंकि ऐसे हमले मुख्य रूप से खुफिया जानकारी पर आधारित चिह्नित आतंकी या सैन्य इलाकों को निशाना बनाकर किए जाते हैं तो इसमें आम जन हानि की आशंका भी घट जाती है। युद्ध का बुनियादी सिद्धांत ही यही है कि दुश्मन आपके हमले से चौंक जाए। वायु सैन्य शक्ति चौंकाने वाले इस पहलू को सुनिश्चित करती है। यह जितनी गति, तत्परता और सटीकता से लक्ष्य को साधती है, उसकी किसी अन्य पारंपरिक सैन्य शक्ति से तुलना संभव नहीं। इसके जरिये दुश्मन के कमांड सेंटर, आपूर्ति श्रृंखला और बुनियादी ढांचे को चोट पहुंचाकर उसकी कमर तोड़ना संभव है। वायु सैन्य शक्ति भी समय के साथ बहुत उन्नत होती गई है। पूर्व में मिग-21 जैसे विमान बेस से केवल कुछ सैकड़ों किमी दूर तक ही संचालित हो सकते थे। आज लंबी दूरी तक मारक क्षमता वाले बमवर्षक, ड्रोन, क्रूज मिसाइलों के साथ ही हवा में ही ईंधन भरने की सुविधा ने हजारों किमी दूर सुदूरवर्ती इलाकों तक मार करने की क्षमता दिलाई है और वह भी दुश्मन के वायु क्षेत्र में प्रवेश किए बिना। मिसाइलें तो 1,000 किमी से भी दूर तक निशाना लगा सकती हैं। हाइपरसोनिक मिसाइलें तो कम समय में ही काम निपटा सकती हैं। बी-52 और राफेल जैसे विमान हवा में ही ईंधन भरकर घंटों तक उड़ते हुए महाद्वीपों की सीमा को पार कर सकते हैं। एमक्यू-9 रीपर जैसे ड्रोन दिन भर से अधिक तक अपने लक्ष्य के ऊपर मंडरा सकते हैं। निःसंदेह भारत ने अपनी वायु सैन्य शक्ति में बढ़ोतरी की है और यह क्रम निरंतर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन हमें चीन को लेकर अपनी सतर्कता भी बढ़ानी होगी, जिसने अपनी सामरिक शक्ति को बड़े पैमाने पर बढ़ाया है। चीनी वायु सेना के पास 200 से अधिक जे-20 स्टील्थ फाइटर्स हैं और पिछले 15 वर्षों में उसने आधुनिक लड़ाकू विमानों के अपने बेड़े को तीन गुना तक बढ़ाया है। एच-6के बमवर्षक के साथ लंबी दूरी की उसकी मारक क्षमताएं बढ़ी हैं तो वाई-20 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट के जरिये सैनिकों और रसद सामग्री को तेजी से कहीं भी पहुंचाने की उसकी क्षमता में इजाफा हुआ है। चीन ने लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली पीएल-15 जैसी मिसाइल विकसित की है और उसके उन्नत संस्करणों को तैयार करने में भी लगा हुआ है। हाइपरसोनिक मिसाइलों पर भी वह भारी दांव लगा रहा है। चीन के मिसाइल लांचर भी 2000 के बाद दोगुने से अधिक हो गए हैं। उसका बायडू सैटेलाइट सिस्टम सामरिक मोर्चे को लक्षित करने और नेविगेशन से लेकर संचार सुविधाओं में सहयोग करता है। पाकिस्तान के साथ चीन की नजदीकियों को देखते हुए भारत की चुनौतियां और बढ़ जाती हैं। इसलिए भारत को न केवल अपनी मौजूदा रक्षा प्रणालियों, बल्कि आधुनिक क्षमताओं के विकास को लेकर भी तत्परता का परिचय देना होगा। इसमें एएमसीए, एलसीए, एमके-टू, लंबी दूरी तक सटीक निशाना लगाने वाली मिसाइलें, हाइपरसोनिक हथियार, एमएएलई और एचएएलई ड्रोन और हवा में ईंधन भरने की अत्याधुनिक तकनीकों को प्राथमिकता में रखना होगा। एडवांस रडार और सेंसर सुइट्स, इलेक्ट्रानिक वारफेयर सिस्टम्स के साथ ही पूर्णतया सुरक्षित एवं एआइ-संचालित कमांड एवं कंट्रोल नेटवर्क विकसित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। अंतरिक्ष मोर्चे पर भारत को सैटेलाइट निगरानी, नाविक, संचार, अर्ली-वार्निंग और एंटी-सैटेलाइट क्षमताएं विकसित करनी होंगी। वायु रक्षा प्रणालियों का एकीकरण और विभिन्न सैन्य बलों में उनके उपयोग को सुगम एवं लचीला बनाना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए स्वदेशी शोध एवं विकास में निरंतर निवेश बढ़ाना होगा। सार्वजनिक-निजी भागीदारी भी मजबूत बनाई जाए। खरीद प्रक्रिया को गति देनी होगी। वायु और अंतरिक्ष क्षमताएं ही अब संहारक एवं निवारक क्षमताओं को निर्धारित कर रही हैं तो भारत प्राथमिकता के आधार पर अपने औद्योगिक आधार को सक्रिय एवं सशक्त करते हुए ऐसी क्षमताओं को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करे।

## सम्पादकीय

### चुनाव आयोग की सख्ती, भ्रामक और गुमराह करने वाले पोस्ट पर एक्शन जरूरी

सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा कोई भी खटखटा सकता है लेकिन क्या महुआ मोइत्रा बिहार की सांसद हैं? क्या उन्हें यह लगता है कि बिहार की तरह बंगाल में भी मतदाता सूची का सत्यापन हो सकता है। जो भी हो ऐसा सत्यापन पूरे देश में होना चाहिए क्योंकि सही मतदाता सूची से ही लोकतंत्र सशक्त बनेगा।बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन की आवश्यक पहल के खिलाफ भ्रामक और गुमराह करने वाले वीडियो एवं पोस्ट पर चुनाव आयोग की सख्ती आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य भी है। यह ठीक है कि चुनाव आयोग मतदाता सूची के सत्यापन संबंधी फर्जी पोस्ट एवं वीडियो को खोज-खोज कर उन्हें गलत बता रहा है और इसी के साथ सच्चाई भी बयान कर रहा है, लेकिन इसे पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। चुनाव आयोग को ऐसे भ्रामक वीडियो एवं पोस्ट करने वालों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई भी करनी चाहिए।यह और कुछ नहीं सीधा-सीधा फेक न्यूज का मामला है। यदि इस तरह की फेक न्यूज फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो शरारती तत्वों का दुस्साहस और अधिक ही बढ़ेगा। ऐसे तत्व चुनाव आयोग के साथ-साथ भारतीय लोकतंत्र की छवि खराब करने का ही काम करेंगे। अतीत में करते भी रहे हैं। यह किसी से छिपा नहीं कि वे किस तरह ईवीएम के खिलाफ गुमराह करने वाले वीडियो साझा कर चुके हैं।समस्या यह है कि चुनाव आयोग के पास पर्याप्त अधिकार नहीं। वह खुद को और चुनाव प्रक्रिया को बदनाम एवं देश की जनता को गुमराह करने वाले लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं कर पाता। यह सहज ही समझा जा सकता है कि बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन की प्रक्रिया के खिलाफ कौन लोग भ्रामक पोस्ट एवं वीडियो साझा करने में लगे हुए हैं। यह तय माना जाना चाहिए कि इनमें से कई विपक्षी दलों के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक होंगे। आखिर यह एक तथ्य है कि कांग्रेस, राजद समेत कई विपक्षी दलों ने बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन का बेतुका विरोध किया है। समझना कठिन है कि आखिर निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव के लिए यह क्यों नहीं पता लगाया जाना चाहिए कि वास्तविक मतदाता कौन हैं। यह काम तो पूरे देश में होना चाहिए। पहले होता भी रहा है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन संबंधी चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ कुछ लोग सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गए हैं। इनमें वकील एवं नेता कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी भी हैं। कपिल सिब्बल सदैव ऐसा करने में आगे रहते हैं। बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा भी आगे आई हैं। सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा कोई भी खटखटा सकता है, लेकिन क्या महुआ मोइत्रा बिहार की सांसद हैं? क्या उन्हें यह लगता है कि बिहार की तरह बंगाल में भी मतदाता सूची का सत्यापन हो सकता है।

## आज का विचार







**मेष राशिः** करियरः कार्यक्षेत्र पर काम का दबाव झेलना पड़ सकता है. बिजनेसः व्यापार में मिला जुला परिणाम मिलेगा. धनः निवेश करने से पहले जानकार से सलाह जरूर लें. शिक्षाः आज का दिन आपके पक्ष में रहने वाला है. लव/पारिवारिकः पारिवारिक विवाद सुलझ सकते हैं.

**वृषभ राशिः** करियरः करियर में आगे बढ़ना का मौका मिलेगा. बिजनेसः व्यापार में नए लोगों के साथ संबंध स्थापित करेंगे. धनः आर्थिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे. शिक्षाः किसी भी तरह की परीक्षा का परिणाम आज आपके हक में रह सकता है. लव/पारिवारिकः परिवार में संतान पक्ष की ओर से खुशियां मिलेंगी.

**मिथुन राशि** : करियरः कार्यक्षेत्र पर काम की अधिकता रहेगी, मानसिक रूप से थकान महसूस करेंगे. बिजनेसः रुकी हुई डील में फायदा मिल सकता है. आज अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं. धनः आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए बचत की योजना बना सकते हैं. शिक्षाः विद्यार्थियों के लिए आज का दिन मेहनत भरा साबित रहेगा. लव/पारिवारिकः वैवाहिक जीवन में पार्टनर प्यार दिखा सकती है.

**कर्क राशिः** करियरः करियर में उतार-चढ़ाव देखना पड़ सकता है. बिजनेसः किसी के साथ संबंध बनाते समय लापरवाही न दिखाएं.धनः शेयर मार्केट में पैसा निवेश करने से पहले सलाह जरूर लें. शिक्षाः पढ़ाई के साथ-साथ अन्य चीजों में मन भाग सकता है. लव/पारिवारिकः परिवार के साथ समय बीताने का मौका मिलेगा.

**सिंह राशि** : करियरः कार्य में भागदौड़ रहेगी, परिणाम अच्छे मिलेंगे। बिजनेसः व्यापार में लाभ संभव है, नई डील हो सकती है। धनः अच्छा लाभ मिल सकता है, खर्च सोच-समझकर करें।शिक्षाः नई चीजें सीखने का अवसर मिलेगा। लव/पारिवारिकः परिवार से सहयोग मिलेगा, नई वस्तु की खरीदारी संभव।

**कन्या राशि** : करियरः कार्यक्षेत्र पर काम से संबंधित नई जिम्मेदारी मिल सकती है. बिजनेसः व्यापार के मामले में थोड़े चालाक बनें.धनः किसी दोस्त को पैसों की जरूरत पड़ सकती है. शिक्षाः बेहतर परिणाम की आशा में रहने से अच्छा है, अधिक से अधिक मेहनत करें.लव/पारिवारिकः प्रेम के लिहाज से पार्टनर के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा.

**तुला राशि** : करियरः कार्यक्षेत्र पर किसी से बहस हो सकती है. बिजनेसः व्यापार में आज के दिन अधिक मुनाफा कमा सकते हैं. धनः धन का बचत करना भी सीखें, फिजूलखर्ची पर कंट्रोल करें. शिक्षाः विद्यार्थियों को इस वक्त अधिक मेहनत करने की जरूरत है. लव/पारिवारिकः परिवार में किसी सदस्य की तबीयत खराब हो सकती है.

**वृश्चिक राशिः** करियरः कार्यक्षेत्र पर अपने काम को गंभीरता से करने की जरूरत है. बिजनेसः साझेदारी में किसी भी तरह का व्यापार करने से बचें. धनः किसी से न उधार लें और न ही किसी को उधार दें.

**धनु राशिः** करियरः कार्यक्षेत्र पर आपके काम को सम्मानित किया जा सकता है. बिजनेसः बिजनेस में नई शुरूआत करने के लिए ये समय अच्छा है. धनः किसी भी तरह की स्कीम से पैसा कमा सकते हैं.

**मकर राशिः** करियरः कार्य में मन लगा रहेगा. किसी से भी अपनी योजना साझा नहीं करें. बिजनेसः व्यापार में बढ़िया ऑर्डर मिल सकता है.धनः धन खर्च करने से पहले निवेश की भी सोचें. शिक्षाः पढ़ाई में मन नहीं लग सकता है. इसे गंभीरता से लें.

**कुंभ राशि** : करियरः कार्यक्षेत्र पर काम की अधिकता के कारण समय रहते उसे निपटा देंगे.बिजनेसः व्यापार में किसी साझेदार की तलाश कर सकते हैं. धनः घर में शॉपिंग करने के कारण आज अधिक खर्च हो सकता है. अलग कोर्स का चयन कर सकते हैं.

**मीन राशिः** करियरः कार्यक्षेत्र पर सहकर्मी की सहायता कर सकते हैं. बिजनेसः किसी भी मौके को हाथ से जाने नहीं दे.

धनः धन की बचत को लेकर जानकार से बचन से जुड़ी योजनाओं के बारे में पूछ सकते हैं.

# राजनाथ सिंहः रक्षा, राष्ट्रीयता और राजनीतिक कौशल के प्रतीक

ललित गर्ग

भारत के राजनीतिक आकाश पर जिन व्यक्तित्वों ने अपनी सादगी, दृढ़ता, राष्ट्रभक्ति और कर्मठता से अमिट छाप छोड़ी है, उनमें राजनाथ सिंह का नाम शीर्ष पर आता है। राजनाथ सिंह आज देश के रक्षा मंत्री के रूप में भारत की सुरक्षा नीति, सामरिक रणनीति और आत्मनिर्भर रक्षा तंत्र के मजबूत स्तंभ बन चुके हैं। उनका राजनीतिक जीवन एक प्रेरणा की तरह है-जहां संघर्ष है, सिद्धांत हैं, और राष्ट्रहित सर्वोपरि है। उनकी लोकप्रियता एवं राजनीतिक कद यूं ही शिखरों पर आरुढ़ नहीं हुआ है, भारत के नवनिर्माण की उनकी प्रभावशाली शैली इसका कारण है। एक तरफ उन्होंने भारत की आजादी के अमृतकाल में रक्षा क्षेत्र में न केवल आत्मनिर्भरता बल्कि निर्यातक की भूमिका निर्मित की है, वही दूसरी ओर स्वराज्य, नये भारत-विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाये हैं।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में चीन के पोर्ट सिटी किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करते हुए संयुक्त घोषणापत्र में हस्ताक्षर करने से मना कर न केवल पाकिस्तान और चीन को नये भारत का कड़ा संदेश दिया, बल्कि दुनिया को भी जता दिया कि भारत आतंकवाद को पोषित एवं पल्लवित करने वाले देशों के खिलाफ अपनी लड़ाई निरन्तर जारी रखेगा। राजनाथ सिंह जैसे साहसी, निर्भीक एवं कद्दावरी नेताओं के कारनामों को दुनिया देख रही है, भारत अब पुराने वाले भारत नहीं रहा, जिसे दबाया जा सकता है। यह नया भारत है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नई करवटें ले रहा है। इसका नवनिर्माण हो रहा है। आज पूरी दुनिया में भारत की विश्वसनीयता है, राजनाथ सिंह ने स्वदेशी रक्षा उत्पादों की दृष्टि से दुनिया में इस विश्वसनीयता को निर्मित किया



है। भारत के रक्षा उत्पाद दुनियाभर में निर्यात हो रहे हैं, उनकी गुणवत्ता, प्रभावशीलता एवं पूर्णता में दुनिया का विश्वास बढ़ रहा है, जो एक क्रांतिकारी उपलब्धि है। ह्यमेक इन इंडियाह्ण दुनिया में परचम फहरा रहा है, सफलता की नई कहानी लिख रहा है।

राजनाथ सिंह ने चीन और पाकिस्तान जैसे बाहरी खतरों के विरुद्ध रणनीतिक दृष्टिकोण ही नहीं अपनाया, बल्कि भारतीय रक्षा तंत्र को भी आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कार्य किए हैं। रक्षा उत्पादन नीति के अंतर्गत उन्होंने कई विदेशी उपकरणों की आयात पर रोक लगाई और 100 से अधिक रक्षा सामग्रियों को ह्यनिषिद्ध सूचीह्ण में डालते हुए भारत में ही निर्माण को प्राथमिकता दी। ह्यमेक इन इंडियाह्ण अभियान को बल देते हुए उन्होंने स्वदेशी फाइटर जेट तोप, और ड्रोन तकनीक को प्रोत्साहित किया। देश के निजी उद्योगों को भी उन्होंने रक्षा क्षेत्र में निवेश के लिए प्रेरित किया और डीआरडीओ के साथ साझेदारी के नए मॉडल लागू किए। ड्रोन तकनीक के क्षेत्र में उनकी दूरदृष्टि ने भारत को एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरने का मार्ग दिया है। हाल ही में 2000 करोड़ के ड्रोन प्रोत्साहन पैकेज के अंतर्गत उन्होंने न केवल सैन्य उपयोग के लिए बल्कि कृषि, ट्रैफिक प्रबंधन और आपदा राहत जैसे क्षेत्रों के लिए भी ड्रोन विकास को गति दी है।

पाकिस्तान के संदर्भ में उनका रुख अत्यंत स्पष्ट रहा है-बातचीत तब ही संभव है जब आतंकवाद बंद हो और पाकिस्तान अपने गुनाह स्वीकार करे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पाकिस्तान से कोई संवाद होगा, तो वह केवल पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर होगा। यह उनके नेतृत्व की स्पष्टता, साहसिकता और रणनीतिक स्थिरता को दर्शाता है। राजनाथ सिंह ने भारत की सामरिक नीतियों को केवल आक्रामकता ही नहीं दी, बल्कि संतुलन भी प्रदान किया है। उनका कहना है, हम शांति के पक्षधर हैं, लेकिन यदि कोई हमें ललकारेगा, तो हम उसे जवाब देना जानते हैं। यह भावना ही आज के भारत को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित कर रही है। उनकी दूरदर्शिता और राष्ट्रप्रेम ने उन्हें देश के सर्वोच्च नेताओं की श्रेणी में स्थापित किया है। राजनाथ सिंह का व्यक्तित्व विनम्रता, नीतिपरक दृढ़ता और संतुलित संवाद का उदाहरण है। वे विरोधी विचारों का सम्मान करते हैं लेकिन राष्ट्रहित से समझौता नहीं करते। इसी विचारधारा को उन्होंने रक्षा मंत्री बनने के बाद अपनी कार्यशैली में उतारा। बीते वर्षों में भारत जिन आतंकी चुनौतियों का सामना कर रहा है, उसमें राजनाथ सिंह का रुख न केवल स्पष्ट रहा है बल्कि निर्णायक भी। कोई आंख तरेर कर तो देखें! पर ललकार की मुद्रा में वे कठोर जबाव देते हैं।

हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद केंद्र सरकार ने जिस तत्परता और आक्रामकता से ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण को अंजाम दिया, वह भारत की बदली हुई सैन्य सोच का प्रतीक है। राजनाथ सिंह ने चीन एवं पाक के दोगलेपन पर यह स्पष्ट किया कि शांति केवल एक भ्रम है, हमें हर पल युद्ध जैसी तैयारी में रहना होगा। इस अभियान में भारतीय वायुसेना और नौसेना की संयुक्त कार्रवाई ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी अड्डों को ध्वस्त कर यह संदेश दे दिया कि भारत अब केवल प्रतिक्रिया नहीं, प्रति-प्रहार की नीति पर चलेगा। उन्होंने यह भी उजागर किया कि इस बार की कार्रवाई में स्वदेशी हथियारों और ड्रोनों की प्रमुख भूमिका रही, जो उनकी ह्यआत्मनिर्भर भारतह्ण रक्षा नीति की बड़ी सफलता है। जो नवनिर्माण की रफ्तार एवं नई कड़ी है। रक्षा मंत्री ने गर्व से बताया कि भारतीय सेना अब आयात पर निर्भर नहीं, बल्कि स्वदेशी तकनीक से आतंकवाद को जवाब दे रही है। उनका मानना है कि सुरक्षा केवल सीमाओं की रक्षा नहीं है, बल्कि राष्ट्र के आत्मबल और तकनीकी सामर्थ्य को विकसित करना भी है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आज के तकनीकी युग में, कंप्यूटर सूचना प्रौद्योगिकी, उपग्रह संचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्वांटम कंप्यूटिंग में प्रगति वैश्विक अर्थव्यवस्था को बदल रही है। भारत ने इन नवाचारों को अपनाते हुए गतिशील आर्थिक परिदृश्य का निर्माण किया है। रक्षा मंत्री के रूप में राजनाथ सिंह आधुनिक युद्धकला में तेज गति से बदलाव कर रहे हैं एवं रक्षा में करिश्मा दिखा रहे हैं।

उन्होंने युवाओं की प्रतिभा को सामने लाने के लिए रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडीईएक्स) और प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) जैसी योजनाएं शुरू की हैं, जिसके माध्यम से उनके साथ-साथ देश के सपने भी साकार हो सकते हैं। भारत के पास विकास और सुरक्षा को लेकर एक विशिष्ट दृष्टिकोण है, जिसने रक्षा में आत्मनिर्भरता को एक प्रमुख राष्ट्रीय लक्ष्य बनाया है। राजनाथ सिंह के सफल नेतृत्व में भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है।

# इंस्टाग्राम से परे, फेसबुक रील्सः क्या हम रियल की कला खो रहे हैं

विजय गर्ग

ऐसे समय में जहां 15 सेकंड का वीडियो एक लाख बार देखा जा सकता है, यह पूछना उचित हैः क्या हम वास्तव में अब और संवाद कर रहे हैं, या हम सिर्फ प्रदर्शन कर रहे हैं? वास्तविक संचार की कला - दिल से दिल की बात, ठहराव, मौन की बारीकियों, शब्दों के पीछे की ईमानदारी - फिल्टर, ट्रेंडिंग ध्वनियों और पूरी तरह से कोरियोग्राफ किए गए स्निपेट्स की एक हड़बड़ी में घुलने लगती है।इंस्टाग्राम रील्स, टिक्टॉक्स और शॉर्ट-फॉर्म वीडियो ने भले ही अभिव्यक्ति के लिए नए दरवाजे खोले हों, लेकिन उन्होंने उन लोगों को भी बंद कर दिया है जो एक बार वास्तविक कनेक्शन के लिए नेतृत्व करते थे। मुझे एक वास्तविक जीवन की घटना के साथ शुरू करते हैं।छात्रों को एक साधारण व्यायाम में संलग्न करने के लिएः उनके फोन की जांच किए बिना पांच मिनट के लिए उनके बगल में बैठे व्यक्ति से बात करें।कमरा शांत हो गया। कुछ घबराए हुए; दूसरों ने बस अपने डेस्क को देखा। जब वे शुरू हुए, तो अधिकांश वातालाप एक या दो मिनट के भीतर समाप्त हो गए।सोशल मीडिया प्लेटफार्मों ने एक संवाद अधिनियम से एक प्रदर्शन के लिए संचार को फिर से परिभाषित किया है। रीलों, विशेष रूप से, संक्षिप्तता को पुरस्कृत करने के लिए संरचित किया जाता है, गहराई या भेद्यता नहीं। 15 सेकंड में, जटिल भावना के लिए बहुत कम जगह है।जितना अधिक आप सरल करते हैं, उतना ही आप फिट होते हैं। जितना अधिक आप फिट होते हैं, उतना ही आप गायब हो जाते हैं। माइक्रोसॉफ्ट के एक अध्ययन के अनुसार, औसत मानव ध्यान अवधि एक सुनहरी मछली की तुलना में 8 सेकंड तक कम हो गई है। क्या यह कोई आश्चर्य है, तो, कि अब हम किताबों, लंबी बातचीत या यहां तक कि फिल्मों पर काटने के आकार की सामग्री पसंद करते हैं? जब शब्द सिकुड़ जाते हैं, तो भावनाएं ₹के।₹, ₹हम्मम, ₹योग्य, ₹ठीक है, ₹देखा यह वही है जो हमारी बातचीत आज की तरह दिखती है। भाषा की समृद्धि चपटी हो रही है। सरकस्म गलत है।विडंबना खो जाती है। सहानुभूति कठिन हो जाती है जब आप एक आवाज तरकश नहीं सुन सकते हैं या एक आंसू रोल नीचे देख सकते हैं। वास्तविक संचार में टोन, संदर्भ, शरीर की भाषा शामिल है - सभी डिजिटल आशुलिपि से गायब हैं जो अब हम उपयोग करते हैं। मैंने एक बार दो किशोरों को एक-दूसरे के साथ नहीं, बल्कि हाथ में अपने फोन के साथ एक-दूसरे के साथ एक-दूसरे को मैसेज करते हुए देखा।यह रचनात्मक, अभिव्यंजक और यहां तक कि उपचार भी हो सकता है। लेकिन सत्यापन के लिए रिकॉर्ड करने, संपादित करने, अपलोड करने और प्रतीक्षा करने की निरंतर आवश्यकता संचार को प्रतिस्पर्धा में बदल रही है। जब लक्ष्य कनेक्ट करने के लिए नहीं बल्कि प्रभावित करने के लिए है, कुछ पवित्र खो जाता है।टू-वे स्ट्रीट रियल कम्युनिकेशन के रूप में संचार का अर्थ है जितना बोलना सुनना। यह समझने, जवाब देने, अंतरिक्ष रखने के बारे में है। न केवल अपनी बारी का इंतजार करने के लिए, या बदतर, रिकॉर्ड। जब संदेश मोनोलॉग बन जाते हैं तो रिश्ते पीड़ित होते हैं। परिवार एक ही कमरे में बैठते हैं, प्रत्येक सदस्य स्क्रॉल करते हैं, पसंद करते हैं, साझा करते हैं, लेकिन बोलते नहीं हैं। मुझे एक रात का खाना याद है जहां एक बच्चा कुछ कहने के लिए अपनी मां की आस्तीन पर टहलता रहा। मां, इंस्टाग्राम के लिए अपने भोजन को फिल्माने में व्यस्त हैं, बिना सुने अपने बच्चे को परेशान करती हैं।वह बच्चा यह विश्वास करते हुए बड़ा हो सकता है कि स्क्रीन आवाजों की तुलना में अधिक ध्यान देने योग्य हैं। हम क्या कर सकते हैं? यह प्रौद्योगिकी के खिलाफ एक शेखी नहीं है।

# अडानी ने महाराष्ट्र से कर ली देश के सबसे बड़े रीडिवेलपमेंट प्रोजेक्ट की डील

**यह खबर मुंबई में हो रहे एक बड़े बदलाव के बारे में है। म्हाडा और अडानी ग्रुप मिलकर गोरेगांव में एक नई टाउनशिप बनाने जा रहे हैं। इससे हजारों लोगों को नए घर मिलेंगे, लेकिन कुछ लोग इस योजना से खुश नहीं हैं। वे और ज्यादा जगह की मांग कर रहे हैं। दिलचस्प होगा कि यह प्रोजेक्ट कैसे आगे बढ़ता है**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी ने अडानी ग्रुप के साथ एक समझौता किया। यह समझौता गोरेगांव (पश्चिम) में मोतीलाल नगर पुनर्विकास परियोजना के लिए है। इस परियोजना में 142 एकड़ जमीन पर बने घरों को फिर से बनाया जाएगा। लगभग 3,700 लोग यहां रहते हैं। उन्हें 1,600 वर्ग फुट के अल्ट्रा मॉडर्न अपार्टमेंट में फिर से बसाया जाएगा। यह देश का सबसे बड़ा पुनर्विकास प्रोजेक्ट है। इसे कंस्ट्रक्शन-एंड-डेवलपमेंट मॉडल के जरिए पूरा किया जाएगा। उ&ऊ मॉडल का मतलब है, पहले निर्माण करो और फिर विकास करो। म्हाडा को डिवेलपर से लगभग 4 लाख वर्ग मीटर का निर्माण क्षेत्र मिलेगा। म्हाडा का कहना है कि इससे भविष्य में उसके पास घरों की संख्या काफी बढ़ जाएगी। यह समझौता टॅाँ के बांद्रा मुख्यालय में हुआ। इस मौके पर टॅाँ के उपाध्यक्ष और उएड संजीव जायसवाल और अडानी प्रॉपर्टीज के निदेशक प्रणव अडानी मौजूद थे। 7 साल में पूरा होगा प्रोजेक्ट म्हाडा ने बताया कि मोतीलाल नगर 1, 2 और 3 में 3,700 घर हैं। यहां रहने वाले लोगों को 5.8 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में फिर से बसाया जाएगा। जो लोग यहां किराए पर रहते हैं, उन्हें 987 वर्ग फुट की कमर्शियल जगह दी जाएगी।

# मैं विधायक के साथ फाइटर भी हूं..., संजय गायकवाड़ की बढ़ेंगी मुश्किलें, फडणवीस कार्रवाई के लिए स्पीकर को सौंपा मामला

**मंबई की कैंटीन में खाने की गुणवत्ता ठीक नहीं होने पर मारपीट करने वाले शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़ की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। अपने बयानों के लिए चर्चा में रहने वाले गायकवाड़ की हरकत को सीएम फडणवीस ने गलत करार दिया है। सीएम ने इस मुद्दे को स्पीकर को सौंप दिया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की जुबान काटने पर ईनाम का ऐलान करने के बाद सुर्खियों में आए शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़ की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। मुंबई की कैंटीन में मारपीट करने की घटना पर सीएम फडणवीस ने नाराजगी व्यक्त की है। घटना के वायरल होने के बाद शिवसेना के एमएलसी अनिल परब ने विधानसभा परिषद में यह मुद्दा उठाया। इस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि ऐसे मुद्दों पर औपचारिक रूप से शिकायत की जा सकती है। इस पर कार्रवाई की जा सकती है। फडणवीस ने कहा कि सभी विधायकों के बारे में लोगों के बीच यह गलत संदेश जाता है कि वे सत्ता का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा परिषद के अध्यक्ष राम शिंदे से कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा हमला करना सही संदेश नहीं देता। यह एक गंभीर मुद्दा है। आप और विधानसभा स्पीकर अध्यक्ष (राहुल नार्वेकर) इस पर संज्ञान लें। इसके बाद कार्रवाई करें।

कैंटीन कर्मचारियों को पीटा था

सीएम फडणवीस ने कहा कि विधायक ने कैंटीन के कर्मचारियों पर हमला किया। शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ ने उनके कमरे में कथित तौर पर बासी दाल और चावल हमला बोल दिया था। घटना के सामने आने के बाद गायकवाड़ ने कहा था कि वह विधायक होने के साथ फाइटर भी हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि आगे ऐसा होगा तो फिर से पीटेंगे। वीडियो में गुस्से में दिख रहे विधायक कैंटीन में गए और कर्मचारी को दाल का पैकेट सूंघने के लिए मजबूर किया। इसके बाद उन्होंने कर्मचारी को थप्पड़ और घूंसे मारे और अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ भी मारपीट की। बुलढाणा से विधायक गायकवाड़ ने कहा कि कैंटीन स्टाफ से गुणवत्तापूर्ण भोजन परोसने की उनकी बार-बार की गई अपील अनसुनी कर दी गई। संजय गायकवाड़ महाराष्ट्र की बुलढाणा सीट से विधायक हैं।

फास्ट ट्रैक

# केडीएमसी में डेंगू, मलेरिया का खतरा बढ़ा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

कल्याण। कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका क्षेत्र में महामारी रोग बढ़ रहे हैं और मई से अब तक 35 डेंगू रोगी पाए गए हैं, बारिश के मॉनसून में विभिन्न जगहों पर साफ सफाई एवं पानी जमा होने के कारण खतरा बढ़ता जा रहा है, नागरिकों इन बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं, क्षेत्रों में पीने के पानी में बारिश का पानी मिल जाता है जिससे मलेरिया की शिकायत हो जाती हैं डेंगू के संदिग्ध मरीजों के नमूने लेकर एलिसा परीक्षण किए जा रहे हैं। इसके अलावा, जून में 41 और जुलाई में 18 मलेरिया के मरीज पाए गए। केडीएमसी स्वास्थ्य विभाग अधिकारी डॉ दीपा शुक्ला ने बताया महामारी को देखते हुए मनपा द्वारा तैयारियाँ जारी हैं और विभिन्न उपाय लागू किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग को हर दिन निजी क्लीनिकों, अस्पतालों और लैब से मरीजों की जानकारी मिलती है। उससे डेटा इकट्ठा किया जाता है। हर शहरी स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर स्थानीय हाउसिंग सोसाइटी के अध्यक्षों के संपर्क में रहते हैं और अगर किसी मरीज की जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत वहाँ पहुँचकर सर्वे, छिड़काव और जाँच करते हैं। डेंगू के लार्वा साफ पानी में पनपते हैं, इस बारे में जागरूकता फैलाने के लिए पर्चे बाँटे गए हैं और नागरिकों से हफ़्ते में एक बार 'ड्राई डे' मनाने का आग्रह किया गया है। स्वास्थ्य विभाग महामारी पर नियंत्रण के लिए लगातार सर्वेक्षण, छिड़काव और जागरूकता अभियान चला रहा है।

# किसे आ रहा है पीरियड? खून के धब्बे मिलने पर कपड़े उतरवाकर जांच, ठाणे के स्कूल में शर्मनाक घटना

**मुंबई से सटे ठाणे के स्कूल में एक बेहद परेशान करने देने वाली घटना सामने आई है। एक स्कूल में छात्राओं के मासिक धर्म की जांच की घटना के बाद अभिभावकों ने विरोध किया। अभिभावकों की मांग है कि स्कूल के प्रिंसिपल को अरेस्ट किया जाए।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबईः महाराष्ट्र की आर्थिक राजधानी मुंबई से सटे ठाणे के स्कूल में बेहद हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। आरोप है कि स्कूल प्रशासन ने छात्राओं के मासिक धर्म (पीरियड) का पता लगाने के लिए बाथरूम में कपड़े उतरवाकर उन्हें चेक किया। इससे अभिभावकों में भारी रोष है। पुलिस के मुताबिक यह घटना मंगलवार को हुई, जब ठाणे के शाहपुर जिले के आरएस दमानी स्कूल में हुई। कक्षा 5 से 10वीं तक में पढ़ने वाली छात्राओं को एक-एक कर बुलाकर चेक किया गया। इस घटना के खुलासे के बाद हर कोई सकते में हैं। अभिभावकों ने प्रिंसिपल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पिछले साल ठाणे के स्कूल में ट्रिप के दौरान बच्चों से कथित छेड़खानी क मामला सामने आया था। इसके अभिभावकोंने जोरदार प्रदर्शन किया था। तब यह घटना गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में हुई थी। बाथरूम में मिले थे खूब के धब्बे रिपोर्ट के मुताबिक स्कूल के बाथरूम में खून के धब्बे मिले थे। इसके बाद स्कूल प्रशासन ने कपड़े उतरवाकर बच्चियों की जांच की। ताकि पता चल सके कि किस-किस लड़की को पीरियड आ रहा है। सूत्रों के अनुसार, छात्राओं से उनके मासिक धर्म के बारे में पूछा गया। स्कूल में इस तरह के बर्ताव से अभिभावकों में रोष फैल गया है। कुछ अभिभावकों का आरोप है कि कुछ छात्राओं को जांच के लिए उन्हें अंडरवियर भी उतारने के लिए मजबूर किया गया। अभिभावकों का आरोप हैं कि प्रिंसिपल को गिरफ्तार किया जाए। ठाणे पुलिस ने इस मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरू की है, हालांकि भी तक कोई केस रजिस्टर नहीं हुआ है।

# मुख्यमंत्री को बदनाम करने की चल रही साजिश, कैंटीन कर्मचारी को थप्पड़ मारे जाने की घटना पर ऐसा क्यो बोले उद्धव

**शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि वह मेरी पार्टी से नहीं हैं। वह शिंदे समूह से हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि मुख्यमंत्री को बदनाम करने की साजिश चल रही है**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबईः शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ द्वारा कथित तौर पर खराब भोजन की गुणवत्ता को लेकर एक कैंटीन कर्मचारी को थप्पड़ मारने की घटना पर शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे का बयान सामने आया है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि वह मेरी पार्टी से नहीं हैं। वह शिंदे समूह से हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि मुख्यमंत्री को बदनाम करने की साजिश चल रही है। सभी चीजें जानबूझकर की जा रही हैं। वह (एकनाथ शिंदे) मुख्यमंत्री बनना चाहते थे, लेकिन नहीं बने, इसलिए वह बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ द्वारा मुंबई स्थित विधायकों के छात्रावास की कैंटीन के एक कर्मचारी को थप्पड़ मारने की घटना से सभी विधायकों के बारे में गलत संदेश जाता है कि वे सत्ता का दुरुपयोग करते हैं। फडणवीस ने मारपीट की घटना की निंदा करते हुए कहा कि ऐसा व्यवहार अस्वीकार्य है और किसी के लिए भी सम्मानजनक नहीं है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि एक विधायक के रूप में गायकवाड़ के कार्यों ने सभी विधायकों की प्रतिष्ठा को धूमिल किया है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के बीच जवाबदेही की आवश्यकता पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर कैंटीन में खाने को लेकर कोई समस्या है, तो इसकी औपचारिक शिकायत की जा सकती है और इस पर कार्रवाई की जा सकती है। फडणवीस ने कहा, ₹सभी विधायकों के बारे में लोगों में यह गलत संदेश जाता है कि वे सत्ता का दुरुपयोग कर रहे हैं। फडणवीस ने कहा कि मैं आपसे (विधानसभा अध्यक्ष राम शिंदे) विधायकों के आवास के मुद्दे पर गौर करने का अनुरोध करता हूँ। अगर कोई समस्या है, तो कार्रवाई की जा सकती है। लेकिन जनप्रतिनिधियों द्वारा हमला करना सही संदेश नहीं देता। यह गंभीर मुद्दा है। आप (शिंदे) और अध्यक्ष (राहुल नार्वेकर) इसका संज्ञान लें और आगे की कार्रवाई करें। शिवसेना विधायक गायकवाड़ ने कथित तौर पर मुंबई स्थित विधायकों के छात्रावास की एक कैंटीन के एक कर्मचारी को थप्पड़ मार दिया

# डिनर के लिए घर आ रहा हूं... मां को फोन करने के बाद मुंबई के डॉक्टर ने अटल सेतु से लगाई छलांग

**मुंबई के जे.जे. अस्पताल में कार्यरत 32 वर्षीय डॉक्टर ओंकार कवितके ने अटल सेतु से छलांग लगाकर आत्महत्या करने की आशंका है। उन्होंने अपनी मां को डिनर के लिए घर लौटने की बात कही थी, जिसके कुछ ही मिनटों बाद यह घटना हुई।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र के मुंबई के प्रसिद्ध सिर जे.जे. अस्पताल में कार्यरत 32 वर्षीय डॉक्टर ओंकार कवितके ने सोमवार रात अटल सेतु से कथित रूप से छलांग लगा दी। घटना के कुछ ही मिनट पहले उन्होंने अपनी मां से बात कर बताया था कि वह डिनर के लिए घर लौट रहे हैं। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी और बताया कि डॉक्टर की तलाश अब भी जारी है। डॉ. ओंकार कवितके नवी मुंबई के कलंबोली क्षेत्र के निवासी थे। पुलिस के अनुसार, सोमवार रात एक मोटर चालक ने उन्हें पुल पर देखा और तुरंत पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचना दी।

## पुल पर मिली कार और आईफोन

नवी मुंबई की उलवे पुलिस जब मौके पर पहुंची, तो उन्हें पुल पर एक होंडा अमेज कार खड़ी मिली। कार के अंदर एक आईफोन रखा हुआ था। फोन में मिले नंबरों की मदद से पुलिस ने कार मालिक की पहचान डॉक्टर ओंकार के रूप में की, जो पिछले छह वर्षों से मुंबई के जे.जे. अस्पताल में कार्यरत थे। उलवे पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक अर्जुन रजाने ने बताया कि फोन कॉल डिटेल्स से पता चला कि डॉक्टर ने रात 9:11 बजे अपनी मां को फोन कर कहा था कि वह जल्द ही डिनर के लिए घर आ रहे हैं। इसके बाद उनका कोई अता-पता नहीं चला। पुलिस अब डॉक्टर के परिजनों, सहकर्मियों और दोस्तों से बात कर रही है ताकि यह समझा जा सके कि उन्होंने ऐसा कदम क्यों उठाया। फिलहाल पुलिस ने इस घटना को संदिग्ध आत्महत्या मानते हुए जांच शुरू कर दी है।

## समुद्र में तलाश अभियान जारी

डॉ. ओंकार की तलाश के लिए समुद्री पुलिस और कोस्ट गार्ड की मदद से तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि, अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि डॉ. कविताके ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। पुलिस फिलहाल हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

# जनता दरबार में समस्याओं का समाधान





भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका मुख्यालय में नागरिकों कल्याण। की समस्याओं का त्वरित समाधान के लिए हर माह के दूसरे मंगलवार को आयुक्त कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, लेकिन इस बार मंगलवार को पहली बार डोंबिवली में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें मनपा आयुक्त अभिनव गोयल ने प्रत्यक्ष रूप से नागरिकों की समस्या सुनी। जनता दरबार में करीब 75 से 80 नागरिकों ने आयुक्त एवं अन्य अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं प्रस्तुत की। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को उक्त समस्याओं पर चर्चा कर शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया। इस दौरान सभी वार्ड अधिकारियों को अनाधिकृत निर्माण रोकने के लिए सख्त निर्देश दिए गए। साथ ही अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि कहीं भी अवैध निर्माण दिखाई दिया तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त अभिनव गोयल ने यह भी कहा कि मनपा अस्पतालों और नागरिक स्वास्थ्य केंद्रों को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जनता दरबार समाप्त होने के बाद आयुक्त अभिनव गोयल ने अतिरिक्त आयुक्त योगेश गोडसे और अन्य अधिकारियों के साथ डोंबिवली स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया, और संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के लिए उचित निर्देश दिए।

# कल्याण-डोंबिवली में गड्ढों पर प्रशासन का युद्धस्तरीय अभियान

## सिटी इंजीनियर ने दी जानकारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



कल्याण। बारिश के चलते कल्याण-डोंबिवली की सड़कों पर उभरे गड्ढों ने जहां एक ओर नागरिकों को भारी परेशानी में डाला है, वहीं अब कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका (केडीएमसी) ने इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता देते हुए युद्धस्तर पर गड्ढे भरने का निर्णय लिया है। महानगरपालिका की सिटी इंजीनियर अनीता परदेशी ने बताया कि प्रशासन ने डामर वाले सड़कों पर बने गड्ढों की समस्या को गंभीरता से लिया है और इनकी मरम्मत कार्य तुरंत शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गड्ढों को भरने के लिए कोल्ड मिक्स, स्टोन क्रश जैसे तकनीकी विकल्पों का उपयोग किया जा रहा है, जो बारिश के मौसम में अस्थायी लेकिन सुरक्षित समाधान है। सिटी इंजीनियर ने बताया कि लंबे समय का समाधान सीमेंट कंक्रीट सड़कों में ही है। इसलिए उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि सीसी रोड निर्माण के चरणबद्ध कार्य में सहयोग करें। वर्तमान में शहर की कई प्रमुख सड़कों का सीमेंट कंक्रीट का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि अन्य सड़कों पर यह कार्य अंतिम चरण में है।

## बारिश बनी चुनौती

गौरतलब है कि 10 मई से ही प्री-मानसूनी बारिश की शुरूआत हो चुकी थी और बीते एक सप्ताह से लगातार तेज बारिश के कारण सड़कों की हालत और बिगड़ गई है। इससे न केवल यातायात में बाधा आई है, बल्कि दुपहिया चालकों और पैदल चलने वालों के लिए यह दुर्घटना का कारण भी बन रही है। प्रशासन द्वारा त्वरित निर्णय लेकर गड्ढों की मरम्मत शुरू करना एक अच्छी पहल है नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता दी जा रही है। हालांकि नागरिकों को यह भी समझना होगा कि मानसून के चलते फिलहाल स्थायी मरम्मत कार्य संभव नहीं है, लेकिन अस्थायी उपायों से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

कोट....

गड्ढे न केवल सड़क की समस्या हैं, बल्कि ये प्रशासन की जवाबदेही और नागरिक सुरक्षा से भी जुड़े हुए हैं। कल्याण-डोंबिवली जैसे तेजी से बढ़ते शहर में सुनियोजित और टिकाऊ इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है। सीमेंट कंक्रीट सड़कें इसी दिशा में एक ठोस कदम हैं।

**कोट,**
**शैलेश तिवारी**
**राष्ट्र कल्याण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष**

# कर्नाक ब्रिज का नाम बदलकर हुआ सिंदूर फ्लाइओवर, देवेंद्र फडणवीस करेंगे उद्घाटन

**मुंबईकरों के लिए एक अच्छी खबर है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस 10 जुलाई को एक नए फ्लाईओवर का उद्घाटन करने वाले हैं। इस फ्लाईओवर का नाम सिंदूर फ्लाईओवर है। पहले इसे कार्नाक ब्रिज के नाम से जाना जाता था। इटउ के अनुसार, यह पुल दक्षिण मुंबई के पूर्व और पश्चिम को जोड़ेगा।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : दक्षिण मुंबई में पुनर्निर्मित कार्नेक रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का नाम बदलकर 'सिंदूर ब्रिज' कर दिया गया है। यह नाम पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए मई में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की सैन्य कार्रवाई से प्रेरित है। बीएमसी के अधिकारियों ने बताया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस गुरुवार सुबह ब्रिटिश काल के इस पुल का उद्घाटन करेंगे। पूर्व को पश्चिम से जोड़ने वाले पुल को पहले कार्नेक ब्रिज के नाम से जाना जाता था। इसका नाम बंबई प्रांत के पूर्व गवर्नर जेम्स रिवेट कार्नेक के नाम पर रखा गया था, जिन्होंने 1839 से 1841 तक इस पद पर कार्य किया था। अब इस पुल का नाम बदलकर (ऑपरेशन सिंदूर पर) 'सिंदूर ब्रिज' कर दिया गया है।

राहुल नार्वेकर ने लिखा था लेटर

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान के आतंकवादी स्थलों और वायु सेना ठिकानों के खिलाफ 7-10 मई के सैन्य अभियान के सम्मान में आरओबी का नाम 'सिंदूर ब्रिज' रखने की सिफारिश की गई थी। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने नगर निकाय को इस संबंध में पत्र लिखा था।

मुंबई के लिए खास है यह पुल

सिंदूर फ्लाईओवर मस्जिद बंदर रेलवे स्टेशन के पास है। यह पी डी'मेलो रोड को जोड़ता है। पहले इसे कार्नाक रेलवे फ्लाईओवर के नाम से जाना जाता था। यह दक्षिण मुंबई के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों को मिलाता है। अब इस पुल पर दोनों तरफ से ट्रैफिक आ-जा सकेगा। इससे लोगों को आने-जाने में आसानी होगी। उद्घाटन कार्यक्रम में कई और महत्वपूर्ण लोग भी शामिल होंगे। सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार भी वहां होंगे। वे मुंबई उपनगरीय जिले के संरक्षक मंत्री भी हैं। कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा भी मौजूद रहेंगे। वे मुंबई उपनगरीय जिले के सह-संरक्षक मंत्री हैं। सांसद अरविंद सावंत, विधायक सुनील शिंदे और राजहंस सिंह भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। नगर आयुक्त और प्रशासक भूषण गगरानी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी वहां उपस्थित रहेंगे।

# गुड न्यूज! अब पुणे-नासिक का सफर सिर्फ 3 घंटे में, सरकार खर्च करेगी 28 हजार 429 करोड़, कैसा होगा हाईवे?

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



पुणेः पुणे-नासिक सेमी-हाई स्पीड रेल परियोजना में देरी हो रही है। वहीं पुणे-नासिक औद्योगिक एक्सप्रेसवे के लिए गति के संकेत मिल रहे हैं। पुणे, अहिल्यानगर और नासिक के तीन जिलों को जोड़ने वाले इस एक्सप्रेसवे का प्रस्ताव जल्द ही सरकार की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। इससे पुणे और नासिक के बीच पांच घंटे की यात्रा तीन घंटे में सिमट जाएगी। सरकार ने पिछले साल दी थी मंजूरी सरकार ने पिछले साल फरवरी में इस हाईवे के अंतिम डिजाइन को मंजूरी दी थी। यह हाईवे सूरत-चेन्नई हाईवे से जुड़ा होगा। इसलिए, इससे दूसरे राज्यों के वाहन चालकों को फायदा होगा। इस हाईवे की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के साथ-साथ व्यवहार्यता अध्ययन रिपोर्ट (फीजिबिलिटी स्टडी रिपोर्ट) तैयार हो गई है और यह प्रस्ताव अगले कुछ दिनों में महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) की ओर से अंतिम मंजूरी के लिए सरकार को सौंपा जाएगा। सरकार ने पहले ही पुणे-नासिक औद्योगिक एक्सप्रेसवे के लिए एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए थे। इसके अनुसार, 133 किलोमीटर लंबे इस नए एक्सप्रेसवे की लागत 28,429 करोड़ रुपये होने की उम्मीद है और मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी मिलने के बाद एक्सप्रेसवे का आगे का काम शुरू होगा।

**मध्य रेल**

**वार्षिक रखरखाव अनुबंध कार्य**

**खुली निविदा सूचना संख्याः बीबीएम १०४ सीएनडब्ल्यू ४० एएमसीसीसीटीवीएल एचबीडब्ल्यूबी, दिनांक 03.07.2025. कार्य का नाम**: मुंबई मंडल के वाडीबंदर और मझगांव कोचिंग डिपो में एलएचबी एसी कोचों में लगाए गए सीसीटीवी के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत**: रु. 23,17,093.20/- (रुपये तेईस लाख सत्रह हज़ार तिरानबे और बीस पैसे केवल)। **बयाना राशि**: रु. 46,400/- (रुपये छियालीस हज़ार और चार सौ केवल)। **निविदा दस्तावेज शुल्क**: निशुल्क। **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय**: 25.07.2025 को 15:00 बजे तक। निविदाएं केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई-टेंडरिंग प्रारूप में स्वीकार की जाएंगी। निविदा दस्तावेज वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
**DE-228**

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। **एडमिन यूनिट/जोन** : लखनऊ–पू0उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/पू0उ0रे0 **नीलामी सूची सं0/लॉट सं0** : **LJN-FSLR-17-25** **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि** : 07.07.2025 समय 17:36 बजे **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)**: 23.07.2025 समय 13:00 बजे **नीलामी बन्द करने की तिथि व समयः** 23.07.2025 समय 18:00 बजे **नीलामी का प्रकार** : Close Ended **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है** : E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,
मुजाधि/वा0–81 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र संख्या 28/2025**

निविदा संख्या 20255015 जिसके खुलने की तिथि 19.06.2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं0 EPS/77/2025 के तहत प्रकाशित की गयी थी, इसमें निम्न संशोधन किये गये हैं।, **Tender No & short Description** : 20255015 **Description** : Bogie Frame with brake rigging for WAG-9 locomotive Bogie frame, **Tender Opening date** : From 03.07.2025, To 18.07.2025, **Item Description** : **From** : Bogie frame with brake rigging for WAG-9 Locomotive. Bogie frame complete as per CLW Spec. No. CLW/MS/3/Bogie/003 Alt-2 or latest and Drg No. 1209-01.112-202 Alt-Nil or latest along with brake gear arrangement and details for WAG9HC loco to CLW Drg/Spec No. 1209-01.116-059 Alt-5 or latest and 1209-01.216060 along with pipe line arrangement as per CLW Drg. No. 1209-12.017-032 Alt-1 or latest suitable for brake system in fitted condition, **To** : Bogie frame with brake rigging for WAG-9 locomotive Bogie frame complete as per CLW Spec No. CLW/MS/3/Bogie/003 Alt-2 and Drg No. 1209-01.112-202 Alt-Nil along with brake gear arrangement and details for WAG9HC loco to CLW Drg/Spec No. 1209-01.116-059 Alt-5 and 1209-01.216060 along with pipe line arrangement as per CLW Drg. No. 1209-12.017-032. Alt-1 suitable for brake system in fitted condition. **Note** (i) it is clarified that SET means comprising of 02 Nos/set (ii) Latest Alteration applicable as on date of tender publishing shall be applicable, **Note-** Latest terms & condition and full information is available on website **https://www.ireps.gov.in.**

(हस्ता.)
**प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक**
**पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# विधायक संजय गायकवाड़ को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से कड़े शब्दों में दी हिदायत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , शिवसेना प्रमुख और राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ को समझाइश दी है, जिन्हें विधायक आवास की कैंटीन में बासी खाना परोसने पर पीटा गया था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उपमुख्यमंत्री शिंदे ने तुरंत विधायक गायकवाड़ को समझाइश दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते, वे समय रहते शिकायत दर्ज करा सकते थे, लेकिन मारपीट का हम समर्थन नहीं करेंगे। विधायक संजय गायकवाड़ को विधायक आवास की कैंटीन से घटिया खाना खाने के बाद उल्टी हो गई थी। विधायक गायकवाड़ खाने की गुणवत्ता के बारे में पूछताछ करने के लिए तुरंत कैंटीन की ओर दौड़े ताकि दूसरों को परेशानी न हो। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि संजय गायकवाड़ द्वारा की गई मारपीट उचित नहीं थी। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा, ₹एक जनप्रतिनिधि होने के नाते, हम खाने की गुणवत्ता को लेकर नियमित शिकायत दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं, लेकिन मारपीट कोई विकल्प नहीं है। हमने संजय गायकवाड़ को समझा दिया है कि ऐसा करना उचित नहीं है, हम इसका समर्थन नहीं करते।

# स्वच्छता जागरूकता पैदा करके अभियान में ट्रांसजेंडर नागरिकों की भागीदारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई ,व्यापारियों को स्वयं प्लास्टिक बैग का उपयोग न करने और ग्राहकों से प्लास्टिक के बजाय कपड़े के बैग का उपयोग करने पर जोर देने की भी सलाह दी गई। इस अभियान में ट्रांसजेंडर नागरिकों ने भी हिस्सा लेते हुए सिंगल यूज्ड की प्लास्टिक मुक्ति को आगे बढ़ाने में खुलकर सामने आए हैं। सेक्टर 9 और 16 स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर रुकने वाले वाहनों के मालिकों और चालकों को कुछ ट्रांसजेंडर नागरिकों ने 'सफाई अपनाओ - बीमारी भगाओ' अभियान के पोस्टर दिखाकर कचरा बिलगीकरण और एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बारे में जागरूक किया। वाशी मंडल में चलाए गए प्लास्टिक रोकथाम अभियान में, प्लास्टिक का उपयोग करते पाए गए व्यापारियों से 5000 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। साथ ही, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंककर उपद्रव मचाने वाले 3 व्यापारियों से 250 रुपये का जुमार्ना वसूला गया।कोपरखैरणे मंडल के एमआईडीसी क्षेत्र में, उपायुक्त भरत धांडे और स्वच्छता अधिकारी राजूसिंह चव्हाण ने भास्कर डेयरी से एकल-उपयोग प्लास्टिक पाए जाने पर 5000 रुपये का जुमार्ना वसूला। मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के मार्गदर्शन और अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार के नियंत्रण में, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के उपायुक्त डॉ. अजय गाडे और स्मिता काले के माध्यम से संपूर्ण नवी मुंबई मनपा क्षेत्र में चलाए जा रहे 'सफाई अपनाओ - बीमारी भगाओ' अभियान में महिलाओं के साथ-साथ बच्चे और बुजुर्ग भी बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं और आज, ट्रांसजेंडर नागरिकों ने भी अभियान में भाग लिया और शहर की स्वच्छता में योगदान दिया।

फास्ट ट्रैक

# दो परिवारों के बीच लाठी-डंडों से मारपीट

## शाहजहांपुर में गौकशी पकड़वाने की चल रही रंजिश, छत से पत्थर फेंके

शाहजहांपुर, थाना कांट क्षेत्र में स्थित मोहल्ला तकिया में दो परिवारों के बीच जमकर मारपीट हुई। सगीर कुरैशी और भोलू कुरैशी के परिवारों के बीच गौकशी पकड़वाने के आरोप-प्रत्यारोप को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी। इस विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। एक पक्ष के कई लोग लाठी-डंडे लेकर दूसरे पक्ष के घर पहुंच गए। दोनों परिवारों के मकान एक ही गली में कुछ दूरी पर स्थित हैं। वहां दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान छत से हमलावरों पर पत्थर फेंके गए, जिसके बाद वे वहां से भाग गए। पुलिस ने शुरू की मामले की जांच घटना गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वीडियो में लाठी-डंडे लिए लोग साफ दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। दोनों पक्षों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ब्रजेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# पत्नी के प्रेम-प्रसंग से परेशान ट्रक ड्राइवर ने दी जान

## शाहजहांपुर में युवक ने फांसी लगाई, चार दिन पहले गुजरात से लौटा था

शाहजहांपुर, थाना कांट क्षेत्र के ददरौल निवासी 30 वर्षीय नितिन कुमार ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नितिन गुजरात में ट्रक चालक के रूप में काम करते थे। नितिन 5 जुलाई को घर आए थे। उन्हें पता चला कि उनकी पत्नी का किसी अन्य युवक से संबंध है। इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। झगड़े के बाद पत्नी सामान लेकर मायके चली गई। जब नितिन की बुआ चाय देने गईं, तो कमरे का दरवाजा बंद मिला। काफी देर तक खटखटाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। स्थानीय लोगों की मदद से जब बगल के मकान से अंदर प्रवेश किया गया, तो नितिन का शव फंदे पर लटका मिला। मृतक के चचेरे भाई अंकित ने बताया कि पत्नी के अवैध संबंधों से नितिन काफी परेशान थे। नितिन की सास ने पत्नी के प्रेमी के खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई थी। लेकिन पत्नी ने थाने में जाकर समझौता कर लिया। इस घटना के बाद भी पत्नी घर नहीं आई है। कांट थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# किसान यूनियन का क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन

## फर्जी मुकदमों को लेकर कार्यकर्ताओं ने दी आंदोलन की चेतावनी

शाहजहांपुर, पुवायां में भारतीय किसान यूनियन चढूनी गुट ने फर्जी मुकदमों के विरोध में क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर धरना दिया। यूनियन के जिलाध्यक्ष भारत सिंह यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता बुधवार दोपहर 1 बजे कार्यालय पहुंचे। भारत सिंह यादव ने आरोप लगाया कि भ्रष्ट पुलिसकर्मियों ने उनके कार्यकताओं पर षड्यंत्र के तहत फर्जी मुकदमे दर्ज किए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के खिलाफ झूठी चार्जशीट भी लगाई गई है। धरने की सूचना मिलते ही पुवायां कोतवाली प्रभारी रवि करन सिंह मौके पर पहुंचे।

# महावितरण के निजीकरण के खिलाफ ठाणे कांग्रेस का विरोध

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे , भिवंडी, कलवा, मुंब्रा और दिवा क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करने वाली टोरेंट और अदानी जैसी निजी बिजली कंपनियों के खिलाफ उपभोक्ताओं में भारी गुस्सा है। वहीं अदानी कंपनी ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल आदि क्षेत्रों में सार्वजनिक बिजली वितरण के लिए आगे आई है। नागरिक इसका विरोध कर रहे हैं क्योंकि यह बिजली वितरण के निजीकरण का रास्ता है। कुछ पूंजीवादी कंपनियों को इस क्षेत्र में प्रवेश देने से घरेलू उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। निजी कंपनियां मुनाफाखोरी के उद्देश्य से इस क्षेत्र में प्रवेश कर रही हैं, इसलिए भविष्य में इसका खामियाजा गरीब लोगों को भुगतना पड़ेगा। इसी के चलते ठाणे कांग्रेस ने महावितरण के मुख्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से महावितरण के निजीकरण के फैसले को रद्द करने की मांग की। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट और प्रीपेड मीटर लगाने का विरोध किया। इस समय बिजली कंपनी जनता की नहीं, किसी के बाप की है, अडानी हटाव देश बचाओ जैसे नारे लगाते हुए कांग्रेस पदाधिकारियों ने सरकार और अडानी के खिलाफ नारेबाजी भी की। इस समय महावितरण के अधीक्षण अभियंता मेश्राम को ज्ञापन देकर मांग की गई कि अडानी इलेक्ट्रिकल कंपनी को वितरण लाइसेंस न दिया जाए। राज्य सरकार बिजली कंपनी की निजीकरण नीति रद्द करे और स्मार्ट व प्रीपेड मीटर न लगाए जाएं। इस अवसर पर बोलते हुए विक्रांत चव्हाण ने कहा कि बिजली जनता का अधिकार है और महावितरण एक सरकारी कंपनी होने के कारण यह जनता के अधिकार में आती है, लेकिन निजीकरण के बाद यह जनता के नियंत्रण से बाहर हो जाएगी। कुछ औद्योगिक समूहों को लाभ पहुंचाने के लिए किए जा रहे निजीकरण के विरोध में आज का विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया है। इस विरोध प्रदर्शन को राष्ट्रवादी शरद पवार गुट की महिला अध्यक्ष सुजाता घाग सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों का समर्थन प्राप्त था। ठाणे कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण के नेतृत्व में हुए इस विरोध प्रदर्शन में ठाणे कांग्रेस प्रवक्ता राहुल पिंगले समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अंबरनाथ के पूर्व नगराध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता गुलाबराव करंजुले पाटिल को भाजपा ने राज्य परिषद सदस्य नियुक्त किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. देश में नरेंद्र, महाराष्ट्र में देवेंद्र और संगठन में रविन्द्र की जुगलबंदी विकास के नए नए मानकों को प्राप्त करने के लिए मिलकर कार्य कर रही है। महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री तो रविन्द्र चव्हाण प्रदेश अध्यक्ष के पद पर कार्य कर रहे हैं।अभी हाल ही में भाजपा के केंद्रीय निरीक्षक किरेन रिजिजू ने रविन्द्र चव्हाण को निर्विरोध महाराष्ट्र का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने महाराष्ट्र कार्यकारिणी में अंबरनाथ शहर के पूर्व नगराध्यक्ष,वरिष्ठ भाजपा नेता, समाजसेवक और उद्योगपति गुलाबराव करंजुले पाटिल को राज्य परिषद सदस्य नियुक्त किया है। गुलाबराव करंजुले पाटिल की यह नियुक्ति आगामी नगरपालिका चुनाव की पृष्ठभूमि में भाजपा के नजरिए से अति उल्लेखनीय मानी जा रही है। पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं और उनके समर्थकों में खुशी और उत्साह का माहौल दिखाई दे रहा है। पार्टी कार्यकताओं में इससे एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। गुलाबराव करंजुले पाटिल को राज्य परिषद का सदस्य नियुक्त होने पर भविष्य के लिए शुभकामनाएं और बधाई संदेश प्राप्त हो रहे हैं।

ज्ञात रहे कि महाराष्ट्र भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने हाल ही में भाजपा संगठन की राज्य परिषद में नियुक्त सदस्यों की सूची की घोषणा की है। इस सूची ने अंबरनाथ शहर के लिए एक गौरवपूर्ण नियुक्ति की है। अंबरनाथ के लोकप्रिय जननेता और 2005 में अंबरनाथ नगरपालिका से निर्वाचित पूर्व नगराध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता गुलाबराव करंजुले पाटिल को राज्य परिषद के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। उनके नेतृत्व में अंबरनाथ में विभिन्न विकास कार्य किए गए हैं। स्थानीय राजनीति में उनकी छवि एक ईमानदार और जनता से सीधा संवाद बनाए रखने वाले नेता के रूप में की जाती है। गुलाबराव करंजुले पाटिल की इस नियुक्ति से भाजपा प्रदेश संगठन में अंबरनाथ शहर को राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ है।

# पुलिस पर थर्ड डिग्री टार्चर का आरोप

- रिश्तेदार से मिलने थाने गया, पीड़ित बोला– उल्टा लिटाकर पटे और हाथों पर डंडे बरसाए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, खुदागंज थाने में पुलिस का थर्ड डिग्री टार्चर का मामला सामने आया है। कटरा थाना क्षेत्र के भुड़िया गांव निवासी विनय कुमार ने पुलिस पर थाने में बंद कर पीटने का आरोप लगाया है। विनय अपने रिश्तेदार से मिलने थाने गए थे, जिससे पुलिस चोरी के आरोप में पूछताछ कर रही थी। पीड़ित का आरोप है कि मंगलवार दोपहर 12 बजे वह थाने पहुंचे थे। थाना प्रभारी और तीन सिपाहियों ने उन्हें बंद कर दिया। पुलिस ने लैपटॉप चोरी का आरोप लगाते हुए उन्हें उल्टा लिटाकर पटों और डंडों से पीटा। आरोप है कि मार की वजह से विनय के पैरों के तलवों में चोटें आईं और एक हाथ का अंगूठा टूट गया। जब विनय की पत्नी उन्हें छुड़ाने थाने पहुंची, तो पुलिस ने उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया। जातिसूचक गालियां दीं। रात करीब 11 बजे विनय को थाने से छोड़ा गया। पीड़ित का कहना है कि वह बेकसूर है। पुलिस ने उनसे जबरन लैपटॉप बरामदगी की मांग की। मार के दौरान उन्होंने बहुत गिड़गिड़ाए, लेकिन पुलिस नहीं मानी। विनय ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। वहीं थाना प्रभारी सत्यप्रकाश ने बताया कि चोरी के प्रकरण में लाये लाए थे। पूछताछ करने के बाद उसको छोड़ दिया था। उसके द्वारा लगाए मारपीट के आरोप गलत हैं। वहीं सीओ तिलहर ज्योति यादव ने बताया कि प्रकरण की जानकारी नही है। शिकायत प्राप्त होते ही जांच कराई जाएगी।

# बच्चे की सड़क किनारे गड्ढे में डूबने से मौत

## कलान में खेलते समय पानी भरे गड्ढे में गिरा, मां का रो-रोकर बुरा हाल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, मिर्जापुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई। ग्राम सराय बानगांव निवासी जितेंद्र यादव के तीन वर्षीय पुत्र आर्यन की सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। आर्यन अपने घर के पास सड़क पर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। खेलते समय वह अचानक सड़क किनारे बने पानी भरे गड्ढे में गिर गया। साथ खेल रहे बच्चों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। मृतक के ताऊ अशोक कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही बच्चे को गड्ढे से निकालकर सीएचसी जरियनपुर ले गए। वहां डॉक्टरों ने आर्यन को मृत घोषित कर दिया। बच्चे के पिता जितेंद्र यादव दिल्ली में मजदूरी करते हैं। उन्हें घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बच्चे की मौत से उसकी मां सियाललली का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिवार में पांच वर्षीय भाई आर्यांश और एक बहन हैं।

# जल निगम की खुदाई से बिगड़ी सड़कें

## विधायक की नाराजगी के बाद एसडीएम ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, तिलहर नगर में जल निगम द्वारा वाटर सप्लाई लाइन बिछाने के लिए की गई खुदाई से नागरिक परेशान हैं। खुदी हुई सड़कों की मरम्मत न होने से दुर्घटनाएं हो रही हैं। एसडीएम रविंद्र कुमार ने जल निगम अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। पोटरगंज मोड़ पर जलभराव की समस्या गंभीर है। यहां कुछ दिन पहले एक बैंक की कैश वैन पलटते-पलटते बची थी। एसडीएम ने कहा कि सरकारी योजना कुछ अधिकारियों की लापरवाही से जनता के लिए परेशानी का कारण बन रही है। उन्होंने खराब सड़कों की तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि आगे से जहां भी पाइपलाइन डालने के लिए खुदाई हो, उसकी तुरंत मरम्मत की जाए। स्थानीय भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा ने भी पहले नगर भ्रमण के दौरान विभाग को सड़कों की मरम्मत के निर्देश दिए थे। लेकिन विभाग ने उन पर ध्यान नहीं दिया। निरीक्षण के दौरान जल निगम के एक्सीएन शनि सिंह, जेई हितेश कुमार, एई विशन कुमार, मुहम्मद अयाज, नायब तहसीलदार मनु माथुर और विधायक प्रतिनिधि आशुतोष मौजूद रहे।

# भाई के डांटने पर फांसी लगाकर दी जान

## वृंदावन से लौटे भाई ने कमरे में देखा शव, बुलाई पुलिस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, थाना सदर बाजार क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई। चिनौर मोहल्ले में 35 वर्षीय राहुल गुप्ता ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। राहुल एक महीने पहले दिल्ली से घर लौटा था। राहुल शराब का आदि था। वह दो महीने पहले दिल्ली में काम करने गया था। दिल्ली में उसकी नशे की लत और बढ़ गई। इसके बाद वह एक महीने में ही घर वापस आ गया। मंगलवार शाम को वह अपने दोस्त के साथ घर पहुंचा और सीधा अपने कमरे में चला गया। इसी दौरान उसका भाई दीपक वृंदावन से दर्शन करके लौटा। दीपक को संदेह हुआ क्योंकि राहुल जो आमतौर पर नशे में शोर मचाता था, आज बिल्कुल शांत था। कमरे में जाकर देखा तो राहुल फांसी के फंदे पर लटका मिला। सदर थाना प्रभारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि भाई ने राहुल को शराब छोड़ने के लिए डांटा था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई ने बताया कि उन्होंने राहुल को नशे की लत से छुटकारा दिलाने के लिए काफी प्रयास किए।

# यूपी में 5000 स्कूलों के विलय का विरोध

## शाहजहांपुर में सपा का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, कहा– ग्रामीण बच्चों की शिक्षा होगी प्रभावित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 5000 विद्यालयों के विलय के फैसले के खिलाफ शाहजहांपुर में समाजवादी पार्टी ने कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां के नेतृत्व में पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि विद्यालयों को बंद करना शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के लाखों छात्र-छात्राओं का नामांकन, उपस्थिति और प्रशिक्षण प्रभावित होगा। पदाधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पहले से ही शिक्षा संसाधनों की कमी है। स्कूलों का बंद होना सामाजिक विषमता को बढ़ावा देगा। खतरे में शिक्षकों की नौकरियां इसके साथ ही बड़ी संख्या में शिक्षकों की नौकरियां भी खतरे में हैं। समाजवादी पार्टी की मांग है कि सरकार तत्काल प्रभाव से स्कूल बंद करने का निर्णय वापस ले। सभी गांवों में प्राथमिक विद्यालय स्थापित किए जाएं। शिक्षा के क्षेत्र में बजट बढ़ाया जाए और शिक्षकों की बहाली प्रक्रिया शुरू की जाए। पार्टी ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने यह निर्णय वापस नहीं लिया तो पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जाएगा।

# गंगा एक्सप्रेसवे से बिजली के तार चोरी

- जलालाबाद में 12 घंटे में दो आरोपी गिरफ्तार, तीन बंडल केबल और पिकअप बरामद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, जिले के जलालाबाद पुलिस ने गंगा एक्सप्रेसवे से बिजली के तार चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी की गई तीन बंडल केबल और एक पिकअप वाहन भी बरामद किया है। जब बिग सिटी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर संतोष तिवारी ने जलालाबाद थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों ने पिकअप गाड़ी यूपी30 टीटी8197 का इस्तेमाल कर गंगा एक्सप्रेसवे के लाइट के खंभों से केबल चोरी कर ली। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की। 9 जुलाई को पुलिस ने मुड़िया गांव के रास्ते से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में हरदोई के सवायजपुर चकीती खुर्द निवासी ऋषभ सिंह और शाहजहांपुर के मड़हा अशरफपुर निवासी राजेश शामिल हैं। दो अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। इनमें शाहजहांपुर के रामपुर बझेड़ा निवासी मोनू और सुमित ( पता अज्ञात ) शामिल हैं। पुलिस इन फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। बरामदगी के आधार पर मामले में धारा 317( 2 ) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है।


## भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त )

4-कला एवं मनोरंजन संपादक
(भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण
(भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# दावा-हसीना ने प्रदर्शनकारियों को गोली मारने का आदेश दिया था

## तख्तापलट से पहले अफसर से बातचीत का ऑडियो लीक, बोलीं- जहां दिखे, गोली मार दो

एजेंसी

ढाका, बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का एक अज्ञात सरकारी अफसर से बातचीत का ऑडियो लीक हो गया है। बीबीसी ने ऑडियो की पुष्टि करते हुए दावा किया है कि पिछले साल तख्तापलट से पहले पूर्व पीएम ने छात्र प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई का आदेश दिया था। फोन कॉल पर शेख हसीना ने कहा, 'मैंने उन सभी को आज रात गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। सबको कह दिया गया है, जहां भी आपको वे (प्रदर्शनकारी) दिखें, उन्हें पकड़ लीजिए। मैंने अब खुला आदेश जारी कर दिया है। अब वे घातक हथियारों का उपयोग करेंगे। वे जहां भी दिखेंगे, उनको गोली मार देंगे।' बीबीसी के मुताबिक, यह ऑडियो 18 जुलाई, 2024 को ढाका में बांग्लादेशी पीएम के आवास से की गई एक फोन कॉल के दौरान रिकॉर्ड किया गया था। 5 अगस्त 2024 को बांग्लादेश में तख्तापलट हुआ था। हसीना का ऑडियो इस साल मार्च में लीक हुआ। बीबीसी ने पुलिस दस्तावेजों का हवाला देते हुए बताया कि इस कॉल के बाद, ढाका में मिलिट्री-ग्रेड राइफलों का



इस्तेमाल किया गया। जुलाई 2024 में बांग्लादेश में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान लगभग 1,400 लोग मारे गए थे। पूर्व प्रधानमंत्री पर प्रदर्शनों के दौरान मानवता के खिलाफ अपराध का भी आरोप है। पीएम पद छोड़कर भारत भाग गई थीं हसीना बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में कोटा सिस्टम को लेकर छात्रों का बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ था। 5 अगस्त, 2024 को भीड़ ने ढाका में पीएम आवास पर हमला कर दिया। हालांकि, इससे पहले ही हसीना ने पद और देश, दोनों छोड़ दिया। वे हेलिकॉप्टर से भागकर भारत आ गई थीं। हसीना पर विद्रोह के दौरान सामूहिक हत्याओं का आरोप है। बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल (आईटीसी) में उनके खिलाफ मुकदमा चल रहा है। ट्रिब्यूनल ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था और इस साल 12 फरवरी तक पेश होने का निर्देश दिया था। अदालत की अवमानना मामले में हसीना को 6 महीने जेल की सजा हालांकि, हसीना अभी भारत में ही हैं। 2 जुलाई को आईटीसी ने अदालत की अवमानना के मामले में हसीना को छह महीने जेल की सजा सुनाई गई। बांग्ला अखबार द डेली स्टार के मुताबिक, ट्रिब्यूनल ने हसीना और एक स्थानीय नेता शकील बुलबुल के बीच हुई फोन बातचीत की जांच करने के बाद यह फैसला सुनाया। यह बातचीत पिछले साल सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी और कई अखबारों ने भी इसे छापा था। इस कथित ऑडियो क्लिप में शेख हसीना को यह कहते सुना गया कि उनके खिलाफ 227 मुकदमे दर्ज हैं, इसलिए उन्हें 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है। हसीना के पीएम पद छोड़ने के बाद अधिकारियों से फोन पर बातचीत के उनके कई ऑडियो लीक हुए हैं। हालांकि, ताजा लीक ऑडियो टेप उनके खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा सबूत है कि उन्होंने प्रदर्शनकारियों के देखते ही सीधे गोली मारने के आदेश दिए थे। बांग्लादेश ने भारत से हसीना को डिपोर्ट करने की अपील की बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं। बांग्लादेश सरकार ने जुलाई में हुई हत्याओं की वजह से शेख हसीना का पासपोर्ट भी रद्द कर दिया है। बांग्लादेश भारत से हसीना को डिपोर्ट करने की अपील भी कर चुका है। हालांकि भारत सरकार उनका वीजा बढ़ा चुकी है, जिससे यह साफ हो गया कि उन्हें बांग्लादेश डिपोर्ट नहीं किया जाएगा।

# तालिबान नेताओं के खिलाफ आईसीसी ने गिरफ्तारी वारंट जारी किए

## महिलाओं पर अत्याचार के आरोप; सुप्रीम लीडर अखुंदजादा और चीफ जस्टिस हक्कानी का नाम शामिल

एजेंसी

हेग/काबुल, इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) ने 8 जुलाई को तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबातुल्लाह अखुंदजादा और अफगानिस्तान के चीफ जस्टिस अब्दुल हकीम हक्कानी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। इन दोनों पर अफगान महिलाओं, लड़कियों और तालिबान की कठोर जेंडर नीतियों का विरोध करने वालों पर अत्याचार करने का आरोप है। ये वारंट मानवता के खिलाफ अपराधों के तहत जारी किए गए हैं। यह पहली बार है जब आईसीसी ने तालिबान के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ ऐसा कोई कानूनी कदम उठाया है। कोर्ट ने कहा कि तालिबान ने




विशेष रूप से लड़कियों और महिलाओं को निशाना बनाया। उन्हें शिक्षा, आवाजाही, निजता और धार्मिक अभिव्यक्ति जैसे बुनियादी अधिकारों से वंचित कर दिया। वारंट के मुताबिक इन महिलाओं और लड़कियों का समर्थन या तालिबान की नीतियों का विरोध करने वाले लोगों को भी भी सजा दी गई। आईसीसी ने साफ किया कि ह्यजेंडर आधारित उत्पीड़नह्न केवल हिंसा नहीं, बल्कि सरकारी नीतियों और सामाजिक नियमों के जरिए किया गया वह व्यवस्थित उत्पीड़न भी है। यह महिलाओं को बराबरी से वंचित करता है। हालांकि, गिरफ्तारी वारंट को फिलहाल सील रखा गया है ताकि पीड़ितों और गवाहों की सुरक्षा बनी रहे, लेकिन कोर्ट ने इसकी जानकारी सार्वजनिक करना जरूरी समझा ताकि भविष्य में ऐसे अपराधों को रोका जा सके। कोर्ट ने कहा कि यह कार्रवाई आईसीसी के उस उद्देश्य का हिस्सा है, जिसमें कमजोर तबकों के खिलाफ हो रहे गंभीर और व्यवस्थित मानवाधिकार हनन को रोका जाए। आईसीसी ने यह वारंट जारी तो कर दिया है, लेकिन उसके पास संदिग्धों की गिरफ्तारी की शक्तियां नहीं हैं। वह सिर्फ उन देशों में अपने अधिकार का इस्तेमाल कर सकता है, जिन्होंने इस कोर्ट की स्थापना करने वाले समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। तालिबान ने पिछले साल महिलाओं के लिए एक नया फरमान जारी किया था। इसके मुताबिक महिलाओं के लिए तेज आवाज में इबादत करने पर रोक लगा दी गई। तालिबान के मंत्री मोहम्मद खालिद हनाफी ने यह आदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को कुरान की आयतें इतनी धीमी आवाज में पढ़नी होंगी कि उनके पास मौजूद दूसरी महिलाओं को यह सुनाई न दे।

# यूक्रेन को हथियार सप्लाई रोके जाने से ट्रम्प नाराज

## पेंटागन ने राष्ट्रपति को इसकी जानकारी नहीं दी थी; सप्लाई दोबारा शुरू

एजेंसी



वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई पर रोक लगाने नाराजगी जताई है। रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने ट्रम्प को बताए बिना सप्लाई पर रोक लगा दी थी। इस फैसले से हैरान ट्रम्प ने सोमवार को यूक्रेन को दोबारा हथियार भेजने का आदेश दे दिया है। पिछले हफ्ते पेंटागन ने ऐलान किया था कि अमेरिका यूक्रेन को कुछ जरूरी हथियार जैसे एयर डिफेंस मिसाइलें, प्रिसिशन गाइडेड आर्टिलरी, पैट्रियट और हेलफायर मिसाइलें देना फिलहाल रोक रहा है। इसके पीछे कारण बताया गया कि अमेरिका के अपने स्टॉक में इन हथियारों की कमी हो गई है। जिस पर अमेरिका के डिफेंस सेक्रेटरी पीट हेगसेथ ने साइन किए थे। लेकिन ट्रम्प को इस फैसले की जानकारी पहले से नहीं दी गई थी। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने इसे व्हाइट हाउस से बात किए बिना लिया गया कदम बताया। ट्रम्प ने कहा कि वो युद्ध जल्दी खत्म करना चाहते हैं लेकिन पुतिन की वजह से शांति वार्ता आगे नहीं बढ़ रही है। ट्रम्प ने रूस पर तेल उद्योग से जुड़ी पाबंदियों को लेकर चेतावनी दी है। साथ ही उन्होंने कहा कि वे एक प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं जिसके तहत रूसी तेल खरीद रहे भारत और चीन जैसे देशों पर 500% टैरिफ लगाया जाएगा। रूस और यूक्रेन के बीच 24 फरवरी 2022 से जंग जारी है। अमेरिका यूक्रेन को सैन्य मदद देने वाला सबसे बड़ा इकलौता देश है। अमेरिका ने जंग शुरू होने के बाद से यूक्रेन को एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन, रॉकेट लॉन्चर, रडार, टैंक और कई एंटी रडार हथियार दिए हैं। यूक्रेन ने अमेरिका और यूरोप से और सैन्य सहायता मांगी थी। जेलेंस्की ने कहा था कि यूक्रेन को अपने हवाई रक्षा प्रणाली और ड्रोन उत्पादन बढ़ाना जरूरी है। यूक्रेन ने यूरोपीय सहयोगियों और एक अमेरिकी कंपनी के साथ ड्रोन उत्पादन के लिए समझौते किए हैं। जिससे यूक्रेन को इस साल लाखों ड्रोन मिलेंगे। जेलेंस्की ने सोमवार को टेलीग्राम पर लिखा, जीवन की रक्षा के लिए वायु रक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा- इसमें इंटरसेप्टर ड्रोन का विकास और प्रोडक्शन भी शामिल है, जो रूस के लंबी दूरी के शाहेद ड्रोन को रोक सकते हैं। ड्रोन के इस्तेमाल से यूक्रेन को सैनिकों की कमी की भरपाई करने में भी मदद मिली है।

रूस ने सोमवार को यूक्रेन पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। रूसी हमलों में 11 नागरिक मारे गए और 80 से ज्यादा घायल हुए, जिनमें सात बच्चे भी शामिल हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने पिछले हफ्ते 1 हजार से ज्यादा ड्रोन, 39 मिसाइल और करीब 1 हजार ग्लाइड बम दागे। रूस ने यूक्रेन के सैन्य भर्ती केंद्रों पर भी हमले किए, जिससे खार्किव और जपोरिझिया में 17 लोग घायल हुए। रूस ने दावा किया की उसने 91 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए।

# आर्मेनिया की नेशनल असेंबली में सांसदों के बीच मारपीट

## विपक्षी सांसद की गिरफ्तारी पर चर्चा के बीच बोतलें और मुक्के चले

एजेंसी

येरेवन, आर्मेनिया की नेशनल असेंबली (संसद) में मंगलवार को सत्तापक्ष और विपक्ष के सांसदों में जमकर मारपीट और गाली गलौच हुई। आर्मेनिया में पहले से ही तनावपूर्ण राजनीतिक माहौल इस घटना के बाद और गर्मा गया। इस मामले की शुरूआत तब हुई जब विपक्षी सांसद आर्तुर सर्गस्यान की संसदीय छूट (इम्युनिटी) खत्म करने और गिरफ्तारी को लेकर एक प्रस्ताव पर बहस हो रही थी। सत्ताधारी दल ने



सर्गस्यान पर आपराधिक आरोपों का हवाला देकर उनकी संसदीय छूट खत्म कर गिरफ्तारी की मांग की। हालांकि, इन आरोपों की डिटेल नहीं दी गई। विपक्ष ने इस प्रस्ताव को बदले की भावना से प्रेरित और विपक्ष की आवाज कुचलने की कोशिश करार दिया। सत्र शुरू होने के बाद जल्द ही गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और फिर हाथापाई शुरू हो गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में सांसद एक-दूसरे पर मुक्के चलाते और बोतलें फेंकते दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद सिक्योरिटी गार्ड्स ने दखल देकर मामले को कंट्रोल किया। अपनी स्पीच में सर्गस्यान ने कहा कि आर्मेनिया तानाशाही का गढ़ बन गया है, जहां सब कुछ पहले से तय, लिखित और मंजूर होता है। प्रधानमंत्री निकोल पशिनयान की सरकार विपक्षी नेताओं पर तख्तापलट की कोशिश का आरोप लगाकर कार्रवाई कर रही है।

इससे पहले सोमवार को पशिनयान ने कहा था कि वह आर्मेनियाई अपोस्टोलिक चर्च को ईसाई-विरोधी, व्यभिचारी, राष्ट्र-विरोधी और राज्य-विरोधी लीडरशिप से आजाद करेंगे। इसके बाद संसद में विपक्ष के दो नेता, पूर्व रक्षा मंत्री सेयान ओहानयान और आट्र्सविक मिनासयान की संसदीय छूट खत्म करने के लिए वोटिंग हुई। इसके बाद दोनों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई का रास्ता साफ हो गया। संसद के डिप्टी चेयरमेन रूबेन रूबिनयान ने तनाव बढ़ता देख संसद सत्र स्थगित कर दिया।

# सीएम रेखा गुप्ता के सरकारी आवास का नहीं होगा रेनोवेशन, 60 लाख का टेंडर रद्द



एजेंसी

**प्रस्तावित पुनर्निर्माण में व्यापक विद्युत फिटिंग शामिल थी – इनमें 14 एयर कंडीशनर, कई टेलीविजन और अन्य विद्युत फिटिंग शामिल थीं, जिनका उद्देश्य सीएम के आधिकारिक आवास को उन्नत करना था।**

दिल्ली सरकार ने कुछ प्रशासनिक कारणों से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आधिकारिक आवास के लिए 60 लाख रुपये के नवीनीकरण के टेंडर को रद्द कर दिया। सीएम गुप्ता को लोक निर्माण विभाग द्वारा राज निवास मार्ग पर दो बंगले आवंटित किए गए थे - एक उनके आवास के लिए और दूसरा कैंप कार्यालय के लिए। उन्होंने पिछले हफ़्ते अपने कैंप कार्यालय का उद्घाटन किया था। प्रस्तावित पुनर्निर्माण में व्यापक विद्युत फिटिंग शामिल थी - इनमें 14 एयर कंडीशनर, कई टेलीविजन और अन्य विद्युत फिटिंग शामिल थीं, जिनका उद्देश्य सीएम के आधिकारिक आवास को उन्नत करना था। फरवरी के चुनावों में भाजपा की शानदार जीत के बाद पहली बार विधायक बनीं और मुख्यमंत्री पद के लिए आश्चर्यजनक रूप से चुनी गईं गुप्ता को आधिकारिक आवास के रूप में बंगला आवंटित होने में लगभग 100 दिन लग गए। आखिरकार जून की शुरूआत में आवंटन हुआ; दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में राज निवास मार्ग पर स्थित आस-पास की संपत्तियाँ गुप्ता को उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल की अवधि के लिए दे दी गईं। गुप्ता ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सिविल लाइंस स्थित बंगले में रहने से इनकार कर दिया था, क्योंकि यह आम आदमी पार्टी के मुखिया पर भाजपा के हमले का केंद्र बिंदु बन गया था। भाजपा ने इस घर को 'शीशमहल' करार दिया था और केजरीवाल पर करदाताओं के करोड़ों रुपये भव्य नवीनीकरण पर खर्च करने का आरोप लगाया था। चार सरकारी भूखंडों के कथित रूप से अनधिकृत विलय के बाद 40,000 वर्ग गज में फैला पुनर्निर्मित बंगला 2015 से अक्टूबर 2024 तक श्री केजरीवाल का आधिकारिक निवास रहा, जब उन्होंने अपने पद से इस्तीफा देने के बाद इसे खाली कर दिया।

# अयोध्या में घर, वाराणसी में घाट डूबे, प्रयागराज में 4 मौतें

## उत्तराखंड में बादल फटा, यूपी में नर्मदा में बाढ़, नागपुर में नाव से रेस्क्यू

**उत्तर प्रदेश के उन्नाव में तेज बारिश जारी है**

**उत्तर प्रदेश के उन्नाव में तेज बारिश जारी है। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहा। यह पिछले दिनों से 3-4 डिग्री कम था। बारिश के दौरान हवाएं 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं।**

एजेंसी

नई दिल्ली , यूपी में बुधवार को भारी बारिश जारी है। अयोध्या में घरों में पानी भर गया है। प्रयागराज में बारिश के पानी में डूबने से 4 बच्चों की मौत हो गई। वाराणसी में दशाश्वमेध घाट और अस्सी घाट तक पानी पहुंच गया है। इसके चलते गंगा आरती का स्थान बदला गया है। मध्य प्रदेश में नर्मदा उफान पर है। मंडला, डिंडौरी, श्योपुर, शहडोल, उमरिया जिले बाढ़ की चपेट में हैं। छतरपुर के बान सुजारा डैम के 12 गेट खोले गए, दमोह में सतधरू-साजली बांध के 3-3 गेट खोले गए। वहीं, जबलपुर में बरगी डैम के 17 गेट




खोले गए हैं। महाराष्ट्र के नागपुर में लगातार हो रही तेज बारिश के चलते न्यू नरसाला इलाके में घर और गाड़ियां पानी में डूब गईं। हालात को देखते हुए नागपुर नगर निगम ने राफ्ट (नाव) की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया है। उत्तराखंड में मानसून जमकर बरस रहा है। मंगलवार को चमोली जिले के नंदप्रयाग घाट के पास मुख गांव में बादल फटने से तबाही मच गई। जनहानि की सूचना नहीं है। सर्च जारी है। अगले चार दिन राज्य के पांच जिलों में भारी बारिश की संभावना है।

**महाराष्ट्र के यवतमाल में वर्धा नदी उफान पर**

महाराष्ट्र के यवतमाल में 3 दिन से बारिश हो रही है। मारेगांव तालुका में कोसारा वर्धा नदी पर बना पुल पानी में डूब गया है। पुल के ऊपर से 2-3 फीट पानी बहने के कारण रालेगांव-वडकी-खैरी-कोसारा-वरोरा-चंद्रपुर मार्ग बंद कर दिया गया है। कई बीघा फसल भी बर्बाद हुई है। नरसिंहपुर-जबलपुर के बीच सड़क संपर्क टूटा मध्य प्रदेश के जबलपुर में तेज बारिश जारी है। इसके कारण बरगी डैम का जलस्तर बढ़ा हुआ है। डैम के 17 से ज्यादा गेट खोले गए हैं। कई जगहों पर रपटों और पुल-पुलिया के ऊपर से नदियों का पानी बह रहा है। उत्तर प्रदेश के बरेली में तेज बारिश से तापमान में गिरावटउत्तर प्रदेश के बरेली में तेज बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सतना में तेज बारिश से गिरा पेड़, कई वाहनों को नुकसानमध्य प्रदेश के सतना में करीब तेज बारिश से एक पेड़ गिर गया। इसकी चपेट में कई दोपहिया वाहन आ गए। एक मकान का चबूतरा भी क्षतिग्रस्त हो गया। नगर निगम की टीम ने पेड़ को हटाकर रास्ता साफ कराया।

# नीति आयोग ने अपनी रिपोर्ट में बंगाल को बिहार बताया! ममता ने कड़ा विरोध जताया

**ममता बनर्जी ने बिहार को पश्चिम बंगाल बताने वाले मानचित्र में गलती के लिए नीति आयोग की आलोचना की.**

एजेंसी

कोलकाताः नीति आयोग की हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट में राज्य की पहचान को गलत तरीके से पेश करने की एक बड़ी गलती के बाद पश्चिम बंगाल में राजनीतिक बवाल मच गया है. सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इसके विरोध में आवाज उठाई है.मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने खुद हस्तक्षेप करते हुए नीति आयोग की उपाध्यक्ष सुमन के बेरी को एक कड़ा पत्र भेजकर अपनी नाराजगी व्यक्त की. अपने पत्र में, मुख्यमंत्री ने बताया कि 'पश्चिम बंगाल राज्य के लिए सारांश रिपोर्ट' शीर्षक



वाली आधिकारिक रिपोर्ट में राज्य के मानचित्र पर गलती से पश्चिम बंगाल की जगह बिहार का क्षेत्र प्रदर्शित कर दिया गया है. उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सिर्फ एक तकनीकी त्रुटि नहीं है, बल्कि राज्य की पहचान और गरिमा का सीधा अपमान है. ममता बनर्जी ने इस चूक को एक राष्ट्रीय स्तर की संस्था की 'घोर गैरजिम्मेदारी' का प्रतिबिंब बताते हुए नीति आयोग के प्रकाशनों की समग्र गुणवत्ता और विश्वसनीयता पर सवाल उठाया. उन्होंने कहा कि ऐसी खामियाँ चिंताजनक हैं

# ये लोकतंत्र में भरोसा करने वाले लोग नहीं हैं...

## राहुल गांधी पर सम्राट चौधरी का पलटवार

**राहुल गांधी ने महागठबंधन की बिहार बंद रैली में कहा था कि जिस तरह महाराष्ट्र चुनाव में वोटों की चोरी हुई, उसी तरह की कोशिश बिहार में भी हो रही है। इसी को लेकर सम्राट चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी को खुद इस्तीफा दे देना चाहिए।**

एजेंसी

राहुल गांधी के बिहार दौरे और महागठबंधन द्वारा बिहार बंद पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि ये लोग कामचोर लोग हैं। ये लोग कभी मेहनत नहीं कर सकते। बिहार के लोगों ने सहमति दे दी कि हम समीक्षा कराएंगे। ये लोग राजकुमार लोग हैं। गांधी परिवार का राजकुमार और लालू यादव का राजकुमार...ये लोकतंत्र में भरोसा करने वाले लोग नहीं हैं। राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने आगे कहा कि वो झारखंड, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश या कर्नाटक के लिए



ऐसा क्यों नहीं कह रहे ?दरअसल, राहुल गांधी ने महागठबंधन की बिहार बंद रैली में कहा था कि जिस तरह महाराष्ट्र चुनाव में वोटों की चोरी हुई, उसी तरह की कोशिश बिहार में भी हो रही है। इसी को लेकर सम्राट चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी को खुद इस्तीफा दे देना चाहिए। इन लोगों ने जनता के लिए कुछ नहीं किया, इसलिए जनता ने इन्हें घर भेज दिया। ये लोग घर बैठे चुनाव आयोग की नियुक्ति करते थे। हमारे देश की दुर्दशा का ज़िम्मेदार गांधी परिवार है। आज अगर बिहार पिछड़ा है, लोग डर के मारे पलायन कर गए हैं, तो ये सब लालू यादव की ही देन है। गांधी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ पटना में निर्वाचन आयोग के कार्यालय तक विरोध मार्च के दौरान इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) गठबंधन के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में भाजपा और राजग को लाभ पहुंचाने के लिए धांधली की गई थी। वे बिहार में भी इसे दोहराना चाहते हैं जो हम होने नहीं देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण, मतदाता सूची में हेराफेरी करने के महाराष्ट्र मॉडल का विस्तार है और इससे न केवल लोगों के वोट देने के अधिकार को बल्कि उनके पूरे भविष्य को हथिया लिया जाएगा।

## संक्षेप

### यूपी में स्कूल पेयरिंग और बंदी के खिलाफ प्रदर्शन

**शिक्षकों ने तिकोनिया पार्क में दिया धरना, 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सीएम को भेजा**

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश सरकार की विद्यालय युग्मन (पेयरिंग) और बंदी नीति के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ ने सुल्तानपुर के तिकोनिया पार्क में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। शिक्षकों का कहना है कि सरकार की इस नीति से शिक्षा व्यवस्था कमजोर होगी। सरकारी योजना के अनुसार, कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को प्रधानाध्यापक विहीन कर दिया गया है। इससे न केवल पढ़ाई प्रभावित होगी, बल्कि हजारों रसोइयों की नौकरी भी जाएगी। शिक्षक संघ ने अपनी प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन बहाली, पेयरिंग पर रोक और विद्यालय बंदी पर पूर्ण विराम शामिल किया है। साथ ही प्रधानाध्यापक पद पर तैनाती, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, 10 लाख रुपए का बीमा, चयन वेतनमान और बीएलओ ड्यूटी से मुक्ति की मांग की है। मंडलीय मंत्री दिलीप कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित धरने में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को सौंपा गया।

### बिजली निजीकरण के खिलाफ प्रदर्शन

**रेल, बैंक और बीएसएनएल समेत कई विभागों के कर्मचारी भी हड़ताल में शामिल**

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर बिजली विभाग के निजीकरण के विरोध में एक दिवसीय हड़ताल की गई। इस हड़ताल में बिजली कर्मचारियों के साथ रेलवे, बैंक, बीमा, बीएसएनएल, पोस्टल विभाग, केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रम और निजी क्षेत्र के कर्मचारी भी शामिल हुए। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स ने भारत सरकार से मांग की है। वे चाहते हैं कि सरकार उत्तर प्रदेश को पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का फैसला वापस लेने का निर्देश दे। 10 राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों ने भी यही मांग की है। प्रदेश के सभी जिलों में बिजली कर्मचारी, संविदा कर्मी, जूनियर इंजीनियर और अभियंता कार्यालयों से बाहर आकर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

### रोडवेज बस स्टैंड की बाउंड्रीवाल गिरी

**बिजली के खंभे और तार टूटे, स्कूल बसें निकलने के बाद हुआ हादसा**

सुलतानपुर, मूसलाधार बारिश के कारण रोडवेज बस स्टैंड की बाउंड्रीवाल गिर गई। नगर कोतवाली क्षेत्र के बढ़ैयावीर मार्ग पर हुई इस घटना में कई बिजली के खंभे और तार भी क्षतिग्रस्त हो गए। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। कुछ सेकेंड पहले ही वहां से स्कूल बसें और लोग निकले थे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। दीवार गिरने से कई मोहल्लों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। साथ ही आवागमन भी बाधित हुआ है।

# मेजा में डूबने से 4 बच्चों की मौत

## खेत के गड्ढे में भरे पानी में डूबे 4-5 साल के मासूम, परिजनों में कोहराम

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, मेजा में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। खेत में बने गड्ढे में डूबने से चार बच्चों की मौत हो गई। मृतक बच्चों में हीरा आदिवासी के बेटे हुनर (5 वर्ष) और वैष्णवी (4 वर्ष), विमल कुमार का बेटा कंधा (5 वर्ष) और संजय आदिवासी का बेटा केशरी (4 वर्ष) शामिल हैं।

चारों मासूम बच्चे गांव में खेल रहे थे। खेलते खेलते वे कब खेत के गड्ढे की तरफ चले गए पता ही नहीं चला। शाम के बाद बच्चों की तलाश शुरू हो गई।

गांव क लोग हर तरफ बच्चों को तलाशने लगे। किसी का ध्यान गड्ढे की तरफ नहीं गया। बुधवार सुबह गांव



से कुछ दूर खेत में स्थित ईंट भट्ठे के लिए खोदे गए गड्ढे में एक बच्चे का शव उतराता नजर आया। इसके बाद गांव के लोग गड्ढे में उतर गए। एक एक कर चारों के शव बरामद हो गए। सूचना मिलते ही मेजा थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय और चौकी प्रभारी अनिल पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना से चारों परिवारों में शोक की लहर है। रात भर बच्चों की तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सुबह गड्ढे में भरे पानी में शव उतराते हुए मिले। चार बच्चों की मौत से पूरे गांव में कोहराम मचा है।

मेजा थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय ने बताया की पानी मे डूबने से सभी बच्चों की मौत हुई है। फिलहाई इसकी गहराई से जाँच की जा रही है। सभी शवो कों पीएम के लिए भेज दिया गया है।

# सफाई कर्मियों ने किया हड़ताल में प्रदर्शन

## न्यूनतम वेतन और कुंभ बोनस की मांग, एलआईसी गेट तक निकाली रैली

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, देशभर में ट्रेड यूनियनों द्वारा बुलाए गए राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में प्रयागराज में व्यापक आंदोलन देखने को मिला। खास बात यह रही कि इस आंदोलन में सफाई मजदूरों ने भी खुलकर हिस्सा लिया और सिविल लाइंस के धरना स्थल पर ट्रेड यूनियन नेताओं के साथ एकजुट होकर अपनी मांगों की आवाज बुलंद की। सफाई मजदूर एकता मंच के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों ने न्यूनतम वेतन 26,000 तय करने, ठेका प्रथा समाप्त करने और महाकुंभ के दौरान किए गया कार्यों के लिए 10,000 बोनस दिए जाने बात हुई थी। लेकिन उसका भुक्तान अभी तक नहीं हुआ। इन सब मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। मंच के प्रतिनिधियों ने कहा कि उन्हें हर बार नजरअंदाज किया जाता है, जबकि सफाई व्यवस्था का सारा बोझ उनके कंधों पर होता है।




धरना स्थल सिविल लाइंस में ट्रेड यूनियनों से जुड़े सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया। यहां आयोजित सभा में अविनाश कुमार मिश्र ,इंश्योरेंस, देवेंद्र प्रताप सिंह (इंटक) और श्याम सूरत पांडेय जैसे नेताओं ने केंद्र सरकार की मजदूर और कर्मचारी विरोधी नीतियों पर तीखा हमला बोला। नगर निगम कर्मचारी संघ की ओर से भी सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक सांकेतिक हड़ताल कर प्रदर्शन किया गया। इससे पहले मंगलवार को विभिन्न कार्यालयों में पूर्व तैयारी के तहत सभाएं की गईं, जिनमें हड़ताल को सफल बनाने की रणनीति बनी।

लोक निर्माण विभाग कार्यालय में आयोजित सभा में पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह, कर्मचारी नेता घनश्याम पांडेय और सुभाष पांडेय ने चार श्रम संहिताओं, निजीकरण, और पेंशन नीति पर सरकार को आड़े हाथों लिया।

# यूपी महिला आयोग की सदस्य का अमेठी दौरा



- जिला अस्पताल का निरीक्षण, तहसील में सुनी जनता की समस्याएं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्या दो दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंची हैं। उन्होंने पहले दिन जिला अस्पताल का दौरा किया। वहां स्वास्थ्य सेवाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। मौर्या ने डिलीवरी वार्ड में जाकर प्रसूताओं से मुलाकात की। उन्होंने नवजात शिशुओं को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बद्री प्रसाद अग्रवाल और समस्त स्टाफ मौजूद रहा। इसके बाद महिला आयोग की सदस्य तहसील पहुंचीं। वहां उन्होंने जनसुनवाई की। आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को समस्याओं के त्वरित समाधान का निर्देश दिया। मौर्या का दौरा कल भी जारी रहेगा। वह विभिन्न स्थानों का निरीक्षण करेंगी।

# स्कूल बंद करने का विरोध

## समाजवादी शिक्षक सभा ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन, कहा- बच्चों का भविष्य होगा प्रभावित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा करीब 5000 विद्यालयों को बंद करने के निर्णय के विरोध में समाजवादी शिक्षक सभा ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है। सुल्तानपुर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया गया। शिक्षक सभा का कहना है कि यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 21ए का उल्लंघन है। इस अनुच्छेद के तहत निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का मौलिक अधिकार मिला है। संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर निर्णय वापस नहीं लिया गया तो प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा। यह कदम ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के बच्चों के भविष्य को प्रभावित करेगा। विशेष रूप से पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और गरीब वर्ग के बच्चों की शिक्षा पर असर पड़ेगा। संगठन ने



कई मांगें रखी हैं। इनमें विद्यालय बंद करने का निर्णय वापस लेना शामिल है। हर गांव में कम से कम एक प्राथमिक विद्यालय की स्थापना की मांग की गई है। शिक्षा बजट बढ़ाने और शिक्षक भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग भी की गई है। साथ ही इस निर्णय की न्यायिक और संवैधानिक जांच की मांग की गई है। शिक्षक सभा का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पहले से शैक्षिक संसाधनों की कमी है। स्कूल बंद होने से सामाजिक असमानता बढ़ेगी। शिक्षकों की नौकरियां भी खतरे में पड़ेंगी। यह कदम भारत सरकार की 'सबको शिक्षा' नीति और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों के विपरीत है।

# ग्रामीण डाक सेवकों की हड़ताल से सेवाएं प्रभावित

- पुरानी पेंशन और 8 घंटे कार्य समय समेत कई मांगें, अमेठी में प्रदर्शन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी तहसील, अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के आह्वान पर अमेठी में एक दिवसीय हड़ताल की गई। इस दौरान जिले भर में डाक सेवाएं पूरी तरह से बाधित रहीं। रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, पार्सल और मनीऑर्डर जैसी सेवाएं ठप रहीं। डाक सेवकों ने अमेठी के प्रधान डाकघर परिसर में प्रदर्शन किया। उनकी प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन योजना की बहाली शामिल है। साथ ही वे आठ घंटे कार्य समय, परिवार के लिए चिकित्सा सुविधा और अन्य सरकारी कर्मचारियों के समान सुविधाएं चाहते हैं। उत्तर प्रदेश परिमंडल के प्रांतीय सचिव सी.बी. तिवारी ने कहा कि यह आंदोलन निर्णायक मोड़ पर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। जिला



सचिव ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं निकला तो बेमियादी आंदोलन शुरू किया जाएगा। हड़ताल से उपडाकघरों और शाखा डाकघरों में काम रुका रहा। इससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# यूपी में 37 करोड़ पौधारोपण का अभियान

## अमेठी में दोपहर तक 25 लाख पेड़ लगे, शाम तक 45 लाख का लक्ष्य

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, उत्तर प्रदेश में 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर 37 करोड़ पेड़ लगाने का विशेष अभियान शुरू हुआ है। अमेठी में इस अभियान की शुरूआत तिलोई विधानसभा के सिंहपुर से हुई। स्थानीय विधायक और प्रदेश के स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने पौधा रोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिले में शाम तक 45 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

दोपहर तक ही 25 लाख पेड़ लगाए जा चुके हैं। वन विभाग के कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से पूरी प्रक्रिया की निगरानी की जा रही है। स्कूली बच्चों को संबोधित किया राज्यमंत्री ने मौके पर उपस्थित स्कूली




बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने अमेठी की जनता से एक-एक पेड़ लगाने की अपील की। कार्यक्रम में डीएम संजय चौहान, एसपी अपर्णा रजत कौशिक, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह समेत कई भाजपा नेता और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# सड़क किनारे मिली महिला की लाश

## मृतका के भाई ने पति पर लगाया हत्या का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, यूपी के जिला अलीगढ़ में सड़क किनारे संदिग्ध हालत में एक महिला का शव पड़ा मिलने से ग्रामीणों में खलबली मच गई। मृतका के भाई ने पति पर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर इलाका पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। गभाना टोल प्लाजा की एम्बुलेंस पर तैनात स्टाफ ने बताया कि सूचना पर मिली चंडौस क्षेत्र में हादसा हो गया है। जिसके बाद एम्बुलेंस मौके पर पहुँच गई। वहां देखा तो एक महिला घायल अवस्था मे पड़ी थी। खून से लथपथ थी। जिसको पुलिस के साथ जिला अस्पताल मलखानसिंह लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसको



मृत घोषित कर दिया। उधर, जिला अस्पताल आये जनपद बुलन्दशहर के थाना खुर्जा देहात के गांव मोतीपुर के रहने वाले आशीष ने बताया कि करीब 24 वर्षीय बहन की शादी चंडौस क्षेत्र के गांव पहावटी के रहने वाले राजीव के साथ की थी। राजीव खेतीबाड़ी करता है। आज फोन पर सूचना मिली कि राजीव दीदी के साथ मारपीट कर रहा है। उसको गोली मार दी है। पुलिस ने राजीव को हिरासत में ले लिया है। भाई आशीष ने आगे बताया कि बहन ने राजीव से कपड़े दिलाने को कहा था। इसी बात पर बुधवार सुबह दोनों में विवाद हुआ था। शायद इसी बाद राजीव ने दीदी को गांव के बाहर लाकर गोली मार दी। ये जानकारी उसको बहन ने फोन पर दी थी। रितु के अलावा दूसरी बहन की शादी गांव पहावटी में ही हुई है। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले की सूचना पर घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पंचायत नामा की कार्रवाई पुलिस के द्वारा की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। पीएम रिपोर्ट आने पर ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। मृतका के दो बच्चे हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

# मेड़ के विवाद में चाचा की हत्या

## भतीजे ने मारी गोली, मारपीट में चार लोग घायल; आरोपी फरार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, छाता के गांव लाडपुर में मेड़ के विवाद में दो पक्षों में झगड़ा हो गया। इसमें भतीजे ने गोली मारकर चाचा की हत्या कर दी। वहीं मारपीट में मृतक की पत्नी और भाई समेत चार घायल हो गए। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपित मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवाकर उनकी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव लाडपुर में तुलाराम, पदम, कल्लू तथा



महेंद्र आपस में चारों भाई हैं। शेरन उनके रिश्ते में भतीजा लगता है। कई वर्षों से मेड़ को लेकर इनमें आपस में विवाद चल रहा था। इसके कारण विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। पदम सिंह की उनके भतीजे शेरन सिंह ने गोली मार दी। इससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं घटना को अंजाम देकर सभी फरार हो गए। विवाद में बीच बचाव करने आए पदम के भाइयों तथा पत्नी पर भी लाठी-डंडों से प्रहार कर गंभीर घायल कर दिया गया। घायल तुलाराम, कल्लू उर्फ राजाराम, महेंद्र तथा मृतक पदम की पत्नी कमलेश को पुलिस ने सीएचसी छाता भेजा, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिए गए। छाता प्रभारी कमलेश सिंह ने बताया कि प्रार्थना-पत्र मिलने पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# सीएचसी में डॉक्टर की लापरवाही से बालक की मौत

## सुलतानपुर में परिजनों का आरोप- डॉ. ने लक्षण न होने की बात कहकर नहीं दिया एंटी वेनम इंजेक्शन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, कादीपुर कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई। लक्ष्मणपुर निवासी संतोष यादव के 7 वर्षीय पुत्र श्रेयांश को मंजन करते समय सांप ने काट लिया। परिजन तुरंत बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां मौजूद डॉक्टर ने बच्चे का परीक्षण किया। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने सांप को काटते हुए देखा था और डॉक्टर को इसकी जानकारी दी। लेकिन डॉक्टर ने यह कहकर एंटी वेनम इंजेक्शन देने से मना कर दिया कि सांप काटने के लक्षण नहीं दिख रहे हैं। डॉक्टर ने बच्चे को दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान

## राज्य मंत्री की मौजूदगी में हजारों पौधे लगाए, कई ग्राम पंचायतों में हुआ वृक्षारोपण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, तिलोई विकासखंड क्षेत्र में वृक्षारोपण महा अभियान 2025 का आयोजन किया गया। एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत ग्राम रावलिया मंझार की वन भूमि में मुख्य कार्यक्रम हुआ। उत्तर प्रदेश के शिक्षा एवं चिकित्सा राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पौधे वितरित



किए। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह, नोडल अधिकारी राजेश कुमार और जिलाधिकारी संजय सिंह चौहान मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरत पटेल और मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में नीम, पीपल, आम और अर्जुन के पौधों का रोपण किया गया। जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण की अपील की। उन्होंने कहा कि यह अभियान आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण देने का माध्यम है। तिलोई विकासखंड की अन्य ग्राम पंचायतों में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम हुए।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी